

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 174

ग्वालियर, रविवार, 13 मार्च, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## आपका बेटा आपके साथ है, दिल्ली सरकार आगजनी से पीड़ित हर परिवार को देगी आर्थिक मदद : अरविंद केजरीवाल

### कहा- हम आपके नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकते, लेकिन सरकार की तरफ से जिन-जिन लोगों की मौत हुई है, उन्हें आर्थिक मदद दी जाएगी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में शुक्रवार देर रात झुग्गियों में भीषण आग लगने से हुई सात लोगों की दर्दनाक मौत पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गहरा शोक व्यक्त किया है। घटना की जानकारी मिलने पर सीएम अरविंद केजरीवाल खुद मौके पर पहुंचे और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपका बेटा, आपका भाई आपके साथ है। दिल्ली सरकार आगजनी से पीड़ित हर परिवार को आर्थिक मदद देगी। हम आपके नुकसान की भरपाई तो नहीं कर सकते, लेकिन सरकार की तरफ से जिन बड़े लोगों की जान गई है, उनके लरिवर को 10-10 लाख और जिन बच्चों की जान गई है, उनके परिवार को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। साथ ही, जिन लोगों की झुग्गियां जली हैं, उन्हें 25-25 हजार रुपए दिए जाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक गरीब आदमी बड़ी मुश्किल से अपनी झुग्गी बनाता है और अगर उसके घर में किसी की मौत हो जाए, तो यह बहुत दुख की बात है। हम कोशिश कर रहे हैं कि जल्दी से जल्दी एक-दो दिन में सहायता राशि जारी कर दी जाए, ताकि पीड़ित परिवारों को शीघ्र राहत मिल सके। नार्थ-ईस्ट दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में स्थित झुग्गियों में शुक्रवार देर रात भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आकर सात लोगों की दर्दनाक मौत होने की बात सामने आई है। इसकी जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और इस दर्दनाक हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारों से मिलकर उनको सांत्वना दी और सरकार की तरफ से हर सम्भव मदद का आश्वासन दिए। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने पीड़ितों से बात कर उनसे घटना के बारे में जानकारी भी ली और पूरे घटना स्थल का निरीक्षण कर जायजा भी लिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों से उनके नुकसान की जानकारी ली। और उनको सांत्वना देते हुए सरकार की तरफ से पूरी मदद देने का आश्वासन दिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोकुलपुरी में आगजनी से पीड़ित परिवारों से मुलाकात के दौरान कहा कि सुबह जब सोकर उठा और टीवी पर देखा कि यहां पर रात को आग लग गई थी। आग लगने की वजह से यहां कई झुग्गियां जल गई हैं और सात लोगों की मौत भी हो गई है। इन सभी पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। मुझे बहुत दुख है कि आगजनी में इतने लोगों की झुग्गियां जल गई।

## अखिलेश ने चाचा शिवपाल सिंह यादव को बनाया सपा विधायक दल का नेता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के बाद सबसे बड़े दल समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा खेल खेला है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने समाजवादी पार्टी के टिकट पर इटावा के जसवंतनगर से विधायक निर्वाचित प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव को नेता प्रतिपक्ष बनाया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नई परंपरा प्रारंभ कर दी है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और चाचा शिवपाल सिंह यादव को यूपी विधानसभा में सपा विधायक दल का नेता घोषित किया है। शिवपाल सिंह यादव विधानसभा में अब नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में रहने वाले हैं, पहले यह पद राम गोविंद चौधरी के पास था, लेकिन बलिया के बांसडीह से चुनाव हारने के बाद वह इस दौड़ से बाहर हो गए हैं। अखिलेश ने अपने कदम से संकेत भी दे दिया है, कि वह मैनपुरी के करहल से चुनाव जीतने के बाद अब विधानसभा सदस्य के पद से इस्तीफा दे दूंगा।



## देश के सुरक्षा बलों को मजबूत करने 'तनावमुक्त प्रशिक्षण गतिविधियां' समय की जरूरत : मोदी



**गांधीनगर।** दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गांधीनगर के वलाद में राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सुरक्षा बलों को मजबूत करने के लिए 'तनावमुक्त प्रशिक्षण गतिविधियां' मौजूदा समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है इस अवसर पर पीएम मोदी ने केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल की उपस्थिति में राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के नये कैम्पस का भी लोकार्पण किया प्रधानमंत्री ने कहा कि औपनिवेशिक काल के दौरान आंतरिक सुरक्षा की धारणा औपनिवेशिक शासकों के लिए शांति बनाए रखने के लिए जनता में भय पैदा करने पर आधारित थी। इसी तरह, पहले का परिदृश्य बहुत अलग था क्योंकि सुरक्षा बलों के पास तैयारी के लिए अधिक समय था जो अब नहीं है क्योंकि प्रौद्योगिकी तथा परिवहन एवं संचार में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की पुलिसिंग के लिए बातचीत और अन्य सॉफ्ट स्किल्स जैसे कौशल की आवश्यकता होती है जो लोकतांत्रिक परिदृश्य में कार्य करने के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की छवि बदलने की जरूरत पर बल दिया। लोकप्रिय संस्कृति में भी पुलिस का चित्रण इस संबंध में मददगार नहीं है। उन्होंने महामारी के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा किए गए मानवीय कार्यों के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा, स्वतंत्रता के बाद, देश के सुरक्षा तंत्र में सुधार की आवश्यकता थी। एक धारणा विकसित की गई थी कि हमें वर्दीधारी कर्मियों से सावधान रहना होगा। लेकिन अब यह बदल गया है। जब लोग अब वर्दीधारी कर्मियों को देखते हैं, तो उन्हें मदद का आश्वासन मिलता है।

प्रधानमंत्री ने पुलिस कर्मियों के लिए नौकरी के तनाव से निपटने में संयुक्त परिवार के घटते समर्थन के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने बलों में योग विशेषज्ञों सहित तनाव से निपटने के लिए विशेषज्ञों और विश्राम की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, देश के सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए तनाव मुक्त प्रशिक्षण गतिविधियां समय की आवश्यकता है। उन्होंने सुरक्षा और पुलिसिंग कार्य में प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगर अपराधी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं तो उन्हें भी पकड़ने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी पर जोर देने से दिव्यांग लोग भी इस क्षेत्र में योगदान करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि गांधीनगर क्षेत्र में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, रक्षा विश्वविद्यालय और फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय हैं। उन्होंने इन संबंधित क्षेत्रों में समग्र शिक्षा कायम करने को लेकर नियमित संयुक्त संगोष्ठियों के माध्यम से इन संस्थानों के बीच तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, %इसे पुलिस यूनिवर्सिटी मानने की गलती कभी न करें। यह एक रक्षा विश्वविद्यालय है जो देश की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखता है।÷ उन्होंने भीड़ और भीड़ मनोविज्ञान, वार्ता, पोषण और प्रौद्योगिकी जैसे विषयों के महत्व को दोहराया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे मानवता के मूल्यों को हमेशा अपनी वर्दी के अभिन्न अंग के रूप में रखें और अपने प्रयासों में सेवा भावना की कभी कमी नहीं होने दें। उन्होंने सुरक्षा के क्षेत्र में लड़कियों और महिलाओं की बढ़ती संख्या पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ÷हम रक्षा क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी देख रहे हैं। विज्ञान हो, शिक्षा हो या सुरक्षा, महिलाएं आगे बढ़कर नेतृत्व कर रही हैं।

प्रधानमंत्री ने संस्थान के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में ऐसे किसी भी संस्थान के पहले बैच की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुजरात को फार्मास्युटिकल क्षेत्र में अग्रणी बनाने में गुजरात के पुराने फार्मेसी कॉलेज के योगदान के बारे में बताया। इसी तरह आईआईएम अहमदाबाद ने देश में मजबूत एमबीए शिक्षा प्रणाली के निर्माण का नेतृत्व किया। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की स्थापना पुलिस, अपराध संबंधी न्याय और सुधारात्मक प्रशासन के विभिन्न अंगों में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षित मानव शक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए की गई थी। सरकार ने रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय को अपग्रेड करके राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय नाम से एक राष्ट्रीय पुलिस विश्वविद्यालय की स्थापना की, जिसे 2010 में गुजरात सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। यह विश्वविद्यालय राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। अक्टूबर, 2020 से इसका संचालन शुरू किया गया।

## योगी आज दिल्ली में, पीएम मोदी, नड्डा से करेंगे मुलाकात

### होली बाद शपथ ग्रहण की उम्मीद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के साथ सत्ता में पुनः वापसी से गदगद कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 13 मार्च रविवार को दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। वहां वह पीएम नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है होली के बाद योगी आदित्यनाथ का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। मिली जानकारी के अनुसार योगी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है यूपी में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए बीजेपी संगठन ने कुछ तारीखों को केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा है। इस सम्बन्ध में नई दिल्ली में बैठक हुई जिसमें शपथ ग्रहण की तारीख पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। सूचना है कि नई दिल्ली में होने वाली बैठक में बीजेपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह और संगठन महामंत्री सुनील बंसल भी मौजूद रहेंगे। 13 मार्च से दिल्ली में यूपी संगठन के साथ बैठकों का दौर शुरू होगा। बताया जा रहा है कि यूपी में योगी सरकार पार्ट-2 के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सहित कई केंद्रीय मंत्री और बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

## अमेरिका ने भेजे रूसी सीमा पर 12 हजार सैनिक



- बाइडेन ने कहा- वह यूक्रेन में तीसरा विश्व युद्ध लड़ने नहीं जा रहे
- पुतिन यूक्रेन के खिलाफ छेड़े गए युद्ध में कभी विजयी नहीं होंगे
- वाशिंगटन नाटो दायरे में आने वाली हर इंच जमीन की रक्षा करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने लातविया, एस्टोनिया, लिथुआनिया और रोमानिया जैसे देशों में रूस से सटी सीमा पर अपने 12 हजार सैनिक भेजे हैं। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि वह यूक्रेन में तीसरा विश्व युद्ध नहीं लड़ने जा रहे और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के खिलाफ छेड़े गए युद्ध में कभी विजयी नहीं होंगे। बाइडेन ने हाउस डेमोक्रेटिक कॉकस के सदस्यों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अमेरिका यूक्रेन में तीसरा विश्व युद्ध नहीं लड़ने जा रहा है, लेकिन उन्होंने यह कड़ा संदेश भी भेजा कि वाशिंगटन नाटो के दायरे में आने वाली हर इंच जमीन की रक्षा करेगा। उत्तर एटलांटिक संधि क्षेत्र 30 उत्तर अमेरिकी और यूरोपीय देशों का एक सैन्य समूह है। नाटो के मुताबिक, उसका मकसद सैन्य और राजनीतिक माध्यम से अपने सदस्य देशों की स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चत करना है। बाइडेन ने कहा कि रूसी आक्रमण से निपटने में यूक्रेन के लोगों ने बहादुरी और साहस का प्रदर्शन किया है, लेकिन अमेरिका की ओर से दी जाने वाली सुरक्षा सहायता उनके बचाव में अहम रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, और जिस तरह हम यूक्रेन का समर्थन कर रहे हैं, उसी तरह हम यूरोप में अपने सहयोगियों के साथ खड़े रहना जारी रखेंगे। एक स्पष्ट संदेश देंगे कि हम एक एकजुट और आक्रामक नाटो के साथ नाटो के दायरे में आने वाली हर एक इंच भूमि की रक्षा करेंगे। इसीलिए मैंने लातविया, एस्टोनिया, लिथुआनिया और रोमानिया सहित कुछ अन्य देशों में रूस से सटी सीमा पर 12 हजार अमेरिकी जवान भेजे हैं। अगर हम जवाबी कार्रवाई करते हैं तो तीसरा विश्व युद्ध निश्चित है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, भले ही नाटो क्षेत्र की रक्षा का पवित्र दायित्व हम पर है, लेकिन हम यूक्रेन में तीसरा युद्ध नहीं लड़ेंगे।

## गुजरात के सीएम थे तब मोदी ने कानून और व्यवस्था के विषय को नए नजरिए से देखा : गृहमंत्री

### अमित शाह राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुए




**गांधीनगर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय उन्होंने कानून और व्यवस्था के विषय को एक नए नजरिए से देखने की शुरुआत की थी गुजरात के मुख्यमंत्री बनने के बाद मोदी ने सबसे पहले समग्र पुलिस बल के आधुनिकीकरण का और उनके नेतृत्व में शत-प्रतिशत पुलिस थानों का कम्प्यूटरीकरण करनेवाला गुजरात देश का पहला राज्य बनाया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी का नया कैम्पस राष्ट्र को समर्पित किया और इसके प्रथम दीक्षांत समारोह को संबोधित किया इस मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद रहे दीक्षांत समारोह में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2002 से 2013 तक जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, उस समय उन्होंने क़ानून और व्यवस्था के विषय को एक नए नज़रिए से देखने की शुरूआत की। अंग्रेज़ों के समय से एक परिपाटी चली आ रही थी कि क़ानून-व्यवस्था के क्षेत्र और पुलिस बल में लोग सिर्फ़ नौकरी करने आते थे। लेकिन मोदी जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब उन्होंने सबसे पहला काम किया, समग्र पुलिस बल के आधुनिकीकरण का। उनके नेतृत्व में शत-प्रतिशत पुलिस थानों का कम्प्यूटरीकरण करने वाला गुजरात देश का पहला राज्य बना।

## इस साल 16 मई को लगेगा इस साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण

### यह सुबह 8:59 से 10:23 बजे तक रहेगा, इसका सूतक काल नहीं होगा



**नई दिल्ली।** साल 2022 में दो चंद्र ग्रहण लगने जा रहे हैं। साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण 16 मई 2022 को लगेगा। साल 2022 में लगने वाले दोनों ही चंद्रग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होने वाले हैं। पहला चंद्रग्रहण 16 मई 2022 को और दूसरा चंद्र ग्रहण 8 नवंबर 2022 को लगेगा। भारत में धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, ग्रहण को अशुभ माना जाता है। इस दौरान कई कार्य करना वर्जित होता है। चन्द्र ग्रहण हमेशा पूर्णिमा के दिन ही होता है। लेकिन हर पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण नहीं हो सकता है। जब पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है तो इसे चंद्र ग्रहण कहा जाता है। भारतीय समयानुसार यह चंद्र ग्रहण सोमवार, 16 मई 2022 को सुबह 08:59 बजे से लेकर 10:23 बजे तक रहेगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। भारत में इस चंद्र ग्रहण की दृश्यता शून्य होगी, इसलिए यहां इसका सूतक काल नहीं लगेगा। साल का पहला चंद्र ग्रहण दक्षिणी-पश्चिमी यूरोप, दक्षिणी-पश्चिमी एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के अधिकांश हिस्सों, दक्षिण अमेरिका, प्रशांत महासागर, हिंद महासागर, अटलांटिक और अंटार्कटिका में भी दिखाई देगा। क्योंकि भारत में यह चंद्र ग्रहण नजर नहीं आएगा, इसलिए यहां इसका सूतक काल प्रभावी नहीं होगा। साल 2022 का दूसरा चंद्र ग्रहण 8 नवंबर मंगलवार को दोपहर 17:28 बजे से 19:26 बजे तक रहेगा। यह चंद्र ग्रहण भारत में कुछ जगहों पर देखा जा सकेगा। इसलिए भारत में इस ग्रहण का धार्मिक प्रभाव और सूतक मान्य होगा।

## खास खबर

### पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह का दिमागी संतुलन हिल चुका हैः इमरती देवी

**भोपाल।** बीजेपी की समर्पण निधि अभियान पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह द्वारा वसूली के आरोप के बाद वे निशाने पर आ गए हैं। इस मामले में बीजेपी ने जहां उन्हें चुनौती दी है, वहीं नेताओं ने उनपर जमकर निशाना साधा है। दरअसल पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने बीजेपी के समर्पण निधि अभियान पर आरोप लगाए। जिसे लेकर बीजेपी अब पलटवार कर रही है। लघु उद्योग निगम की अध्यक्ष इमरती देवी ने कहा है कि उनका दिमाग खिसक गया है। सबको पता है 4 राज्यों में अच्छे से सरकार आ गई है। उन्होंने कहा कि मैं सवाल करती हूं कि दिग्विजय सिंह ने किसी के दबाब में आकर समर्पण निधि की रसीद कटवाई है क्या? जो ऐसी बातें कह रहे हैं। मैं साफ कहना चाहती हूं कि समर्पण निधि के लिए हमारे कार्यकर्ता खुद ही कार्य में जुटे हैं। हमें किसी पर दबाब की जरूरत क्यों होगी। किसी भी अधिकारी व्यापारी से कोई वसूली नहीं की जा रही है। इधर बीजेपी विधायक यशपाल सिसोदिया ने कहा है कि दिग्विजय सिंह वसूली का सबूत दे नहीं तो इस तरीके का आरोप लगाना बंद करें। सदन में मुख्यमंत्री शिवराज इसको लेकर खंडन कर चुके है। बीजेपी कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर हमारे विचारधारा से जुड़े लोगों से समर्पण निधि ले रहे हैं तो कांग्रेस को पेट में दर्द क्यों हो रहा है।

### महिला काजी ने की पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के परपोते की शादी

**नई दिल्ली।** इस्लाम में पहली बार एक महिला काजी ने पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के परपोते की शादी की रस्में निभाई है। 11 मार्च को स्वतंत्र भारत के तीसरे राष्ट्रपति के घर पर उनके परपोते जिब्रान रेहान रहमान के बीच निकाह कराया है। योजना आयोग के पूर्व सदस्य सैयदा सैय्यदैन हमीद ने रहमान और उर्सिला अली के निकाह को पूरा करने के लिए एक काजी की भूमिका निभाई। यह निकाह करीबी परिजनों और दोस्तों के बीच आयोजित किया गया। सुश्री हमीद ने एक बयान में कहा कि, निकाहनामा में निर्धारित शर्तें मुस्लिम महिला मंच के तत्वावधान में तैयार की गई थीं, जिसकी एक संस्था दूल्हे की परदादी बेगम सईदा खुर्शीद संस्थापक अध्यक्ष थीं। जबकि निकाह के आयोजन के लिए कुरानिक निषेधाज्ञा मेहर, गवाह और क़ाज़ी हैं, इस निकाहनामा का अतिरिक्त महत्व इकरानामा (समझौता) है जो समान अधिकारों और जिम्मेदारियों के साथ-साथ दूल्हा और दुल्हन द्वारा पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों को सूचीबद्ध करता है, बयान के अनुसार, वैवाहिक जीवन के सभी पहलुओं का सम्मान और सम्मान के साथ।

### शादी के 5 साल बाद मां बनीं कुमकुम भाग्य फेम पूजा बनर्जी

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल कुमकुम भाग्य फेम पूजा बनर्जी के घर खुशियों ने दस्तक दी है। एक्ट्रेस ने प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। शनिवार की सुबह पूजा ने अपने पति संग नन्हीं परी का स्वागत किया, जिसे पाकर कपल की खुशियों का ठिकाना नहीं है। यह खुशखबरी देते हुए पूजा बनर्जी के भाई नील बनर्जी ने कहा कि हम अभी नागपुर में हैं। अपने परिवार में नए सदस्य के आने से सभी बेहद खुश हैं। न्यूबॉर्न बेबी के पिता और दादी पूजा के साथ अस्पताल में हैं। बच्चे को देखने के लिए हम इंतजार नहीं कर पा रहे हैं। हम जल्द ही उससे मिलेंगे। पूजा बनर्जी ने 28 फरवरी, 2017 में संदीप सेजवाल संग शादी रचाई थी। शादी के पांच साल बाद अब कपल को पेरेंट्स बनने का सौभाग्य मिला है। बेटी के माता-पिता बनकर अब दोनों बेहद खुश हैं। पूजा बनर्जी टीवी की जानी मानी एक्ट्रेस हैं। वे कई शोज में नजर आ चुकी हैं। डिलिवरी से पहले हाल ही में एक्ट्रेस ने एक फोटोशूट करवाया था, जिसमें वह बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आई थीं।

### विधानसभा चुनावों में शर्मनाक हार से कांग्रेस में भूचाल

**नई दिल्ली।** पांचों विधानसभा चुनावों में करारी हार को लेकर कांग्रेस पार्टी में भूचाल है। जानकारी मिली है कि रविवार को सुबह 10.30 बजे ऑल इंडिया कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक होगी। इससे पहले जी-23 ग्रुप भी शुक्रवार को इस संबंध में बैठक कर चुका है। कांग्रेस के असंतुष्ट खेमे ने एक बार फिर कांग्रेस पार्टी के पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग उठाई है। यूपी, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार मिली है। पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी सत्ता गंवा दी और बाकी राज्यों में सरकार बनाना तो दूर जीतने वाली पार्टी को टक्कर देने में भी विफल रही। जानकारी मिली है कि शर्मनाक हार पर मंथन के लिए कांग्रेस पार्टी के दिग्गज रविवार सुबह 10.30 बजे बैठक करेंगे। जिसमें आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी ने कमान संभाली थी।

## वन-टू-वन

### नई जर्सी में नजर आयेगी दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सत्र में एक नई जर्सी में नजर आयेगी। कैपिटल्स ने इस नई जर्सी को लांच कर दिया है। कैपिटल्स की टीम ने अपनी इस नई जर्सी की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। कैपिटल्स की नई जर्सी सबसे पहले टीम के एक प्रशंसक को दी गयी। नई जर्सी के लांच किये जाने के अवसर पर टीम के अंतरिम मुख्य कार्यकारी विनोद बिष्ट ने कहा कि यह आईपीएल का एक नया सीजन है और हम अपने खिलाड़ियों को इस नई जर्सी में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारी टीम के प्रशंसकों के लिए यह गौरव का पल है। इसलिए हमें हर स्तर पर उन्हें अपनी यात्रा में शामिल करना होगा। कैपिटल्स की इस नई जर्सी में लाल और नीले रंग के बराबर डैश बने हैं। नई जर्सी युवा और जीवंत ऊर्जा को दिखाती है। इसमें लाल टीम मैदान में साहस का प्रतीक है, वहीं नीला रंग संतुलन और संयम का प्रतीक है। वहीं बाघ कैपिटल्स के लोगो का एक आंतरिक हिस्सा है। यह बड़ा और साहसी है क्योंकि टीम फिर से मुकाबले के लिए तैयार है। आईपीएल के इस सत्र की शुरूआत 26 मार्च से होगी। इसमें दिल्ली की टीम को अपना पहला मुकाबला 27 मार्च को मुंबई इंडियंस से खेलना है।

### डु प्लेसिस बने आरसीबी के नये कप्तान

**मुम्बई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल के 15 वें सत्र के लिए विराट कोहली की जगह पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस को अपना नया कप्तान बनाया है। विराट ने आईपीएल के पिछले सत्र में ही घोषणा कर दी थी कि अब वह आगे कप्तानी नहीं करेंगे। आरसीबी अभी तक एक भी बार आईपीएल खिताब नहीं जीत पायी है। अब देखना कि डु प्लेसिस टीम को इस बार खिताब दिला पाते हैं या नहीं। टीम ने कप्तान की घोषणा करने के साथ ही नई जर्सी भी लांच की है। आरसीबी ने मेगा नीलामी में डु प्लेसिस को 7 करोड़ रुपये में खरीदा था। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान नये कप्तान के तौर पर डु प्लेसिस के नाम की घोषणा की गयी। इस दौरान प्रशंसकों की भी भारी भीड़ थी। आरसीबी ने इससे पहले ही अपने दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स को मेंटर बनाने की घोषणा कर दी थी। आईपीएल में डु प्लेसिस ने अब तक कुल 100 मैचों में 2935 रन बनाये हैं। इस दौरान इस बल्लेबाज ने 22 अर्धशतक लगाये हैं।

### डीजीसी ओपन 24 मार्च से

**नई दिल्ली।** अगले साल यहां 24 से 27 मार्च तक होने वाले पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले डीजीसी ओपन के साथ ही देश में करीब ढाई साल बाद एशियाई टूर के मुकाबले खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के कारण ये अब तक नहीं हुए थे। इस टूर्नामेंट का आयोजन नये लोधी कोर्स पर किया जाएगा। यह नया टूर्नामेंट 2022 एशियाई टूर कैलेंडर के सत्र के शुरुआती हिस्से के मुख्य टूर्नामेंटों में से एक होगा। दिल्ली गोल्फ क्लब के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि डीजीसी ओपन नया टूर्नामेंट है जिसे गैरी प्लेयर द्वारा डिजाइन नये कोर्स पर खेला जाएगा। यह इससे जुड़े सभी लोगों के लिए नई शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से भारत में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट की वापसी में दिल्ली गोल्फ क्लब को अहम भूमिका निभाने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि भारत में पिछली एशियाई टूर प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर 2019 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में किया गया था। यही टूर्नामेंट अक्टूबर 2018 में दिल्ली गोल्फ क्लब में हुई एशियाई टूर की पिछली प्रतियोगिता थी। इस टूर्नामेंट में काविड-19 के सभी नियमों का पालन भी किया जाएगा।

### रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां जमा करने की तारीख 25 मार्च तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा नियुक्त प्रशासक ने कर्ज में फंसी रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां जमा करने की समय सीमा बढ़ाकर 25 मार्च कर दी है। आरबीआई ने पिछले वर्ष 29 नवंबर को भुगतान में खामियां और गंभीर शासन मुद्दों के मद्देनजर अनिल अंबानी समूह द्वारा प्रवर्तित रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (आरसीएल) के निदेशक मंडल को भंग कर दिया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बोली के लिए रूचि पत्र भेजने की अंतिम तिथि 25 मार्च तक बढ़ा दी गई है, जो पहले 11 मार्च थी। इससे पहले सितंबर 2021 में रिलायंस कैपिटल ने अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में शेयरधारकों को सूचित किया था कि कंपनी का एकीकृत ऋण 40,000 करोड़ रुपए है। वहीं कंपनी का दिसंबर 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरा तिमाही में घाटा 1,759 करोड़ रुपए था। गौरतलब है कि यह तीसरी बड़ी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जिसके खिलाफ केंद्रीय बैंक ने हाल में ऋणशोधन एवं और दिवालिया संहिता के तहत कार्रवाई शुरू की है।

### बायजू ने आईपीओ लांच से पहले 80 करोड़ डॉलर का फंड जुटाया

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू को उसका आईपीओ लाने से पहले एक बड़ी सफलता हा?सिल हुई है। दरअसल, बैजू रवींद्रन के नेतृत्व वाली इस कंपनी ने वित्तपोषण दौर में 80 करोड़ डॉलर (करीब 6,000 करोड़ रुपए) का फंड जुटाया है। कंपनी के अनुसार इस वित्तपोषण दौर में सुमेरु वेंचर्स, विट्रुवियन पार्टनर्स और ब्लैकरॉक ने भी भाग लिया। इस संबंध में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बायजू ने 22 अरब डॉलर के उद्यम मूल्य पर ताजा फंड जुटाया है, जो 18 अरब डॉलर के कंपनी के पिछले मूल्यांकन से लगभग 22 प्रतिशत अधिक है। गौरतलब है ??कि कंपनी को यह सफलता ऐसे समय में मिली है, जब वह अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 9 से 12 महीनों में कंपनी अपना आईपीओ लॉन्च कर सकती है। आईपीओ के जरिए बायजू भारतीय शेयर बाजार में लिस्ट हो जाएगी।

# महिला विश्वकप : भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को 155 रनों से हराया

### मैन ऑफ द मैच : मंधाना



**हैमिल्टन।** स्मृति मंधाना और हरमनप्रीत कौर के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला विश्वकप के अपने तीसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 155 रनों से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने मंधाना के 123 और हरमनप्रीत के 109 रनों की सहायता से आठ विकेट पर 317 रनों का बड़ा स्कोर बनाया था। इस प्रकार वेस्टइंडीज टीम को जीत के लिए 318 रनों का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए वेस्टइंडीज टीम 40 ओवर ओर तीन गेंदों में ही 162 रनों पर सिमट गयी। डिएंड्रा डॉटिन ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाये और हेले मैथ्यू ने 43 रनों का योगदान दिया। बाकि बल्लेबाजी भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायीं और एक के बाद एक पेवेलियन लौट गयीं। भारत की ओर से स्नेह राणा ने 3 जबकि मेघना सिंह ने 2 विकेट लिए। झूलन गोस्वामी , राजेश्वरी गायकवाड़ और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट लिया। भारतीय टीम की यह विश्वकप के तीन मैचों में दूसरी जीत है। पहले मैच में भारत ने पाकिस्तान को हराया था पर दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अब तक आईसीसी विश्व कप में अपने सभी सात मैच जीते हैं।

इस मैच में भारतीय टीम की कप्तान मिताली राज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जिसे मंधाना और हरमनप्रीत ने शतक लगाकर सही साबित कर दिया। मंधाना ने 123 रन जबकि हरमनप्रीत ने 109 रन बनाये जिससे भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 317 रन बनाये। पहले बल्लेबाजी के लिए आई भारतीय टीम को सलामी जोड़ी मंधाना और यस्तिका भाटिया ने 49 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलायी। सेलमेन ने यस्तिका को 31 रन पर आउट कर भारतीय टीम का पहला विकेट लिया। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरीं कप्तान मिताली केवल 5 रन ही बना पायीं पर मिताली ने मैदान में उतरते ही सबसे अधिक विश्वकप मैचों में कप्तानी का रिकार्ड अपने नाम किया। मिताली को हेली मैथ्यूज ने पेवेलियन भेजा। अनीशा मोहम्मद ने दीप्ति शर्मा को 15 रन पर आउट करके वेस्टइंडीज टीम को तीसरी सफलता दिलाई।इसके बाद स्मृति और हरमनप्रीत के बीच शतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने भारतीय टीम के स्कोर 262 तक ले गई। चौथा विकेट मंधाना का गिरा। 290 के स्कोर पर भारतीय टीम का पांचवां विकेट ऋचा घोष के रूप में गिरा। ऋचा 5 रन बनाकर आउट हुईं। आउट होने वाली छठी बल्लेबाज पूजा वस्त्राकर रहीं। अनीशा ने पूजा को 10 रन पर आउट कर वेस्टइंडीज को छठी सफलता दिलायी। हरमनप्रीत आउट होने वाली सातवीं खिलाड़ी रहीं। हरमनप्रीत ने 107 गेंदों पर 10 चौके और 2 छक्के की सहायता से 109 रन बनाये। डॉटिन ने झूलन गोस्वामी को 2 रन पर आउट करके भारतीय टीम का 8वां विकेट गिराया। इसके साथ ही भारतीय पारी समाप्त हो गयी। भारतीय पारी का आकर्षण हरमनप्रीत और स्मृति के बीच चौथे विकेट के लिए 184 रनों की साझेदारी रही। स्मृति ने एकदिवसीय में अपना 5वां और हरमनप्रीत ने चौथा शतक लगाया। हरमनप्रीत का यह विश्व कप में तीसरा शतक है। इसी के साथ ही वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

वहीं दूसरी ओर लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की ओर से डॉटिन और मैथ्यू ने तेजी से शुरुआत की। टीम ने 5 ओवर में ही 50 रन बना लिए थे। दोनों ने पहले विकेट के लिए 74 गेंदों पर 100 रनों की साझेदारी बनाई। डॉटिन का विकेट गिरते ही वेस्टइंडीज की पारी ढ़हने लगी। इसके बाद उनकी कोई बल्लेबाज पिच पर नहीं टिक पाईं। उनकी पूरी टीम 162 रन आउट हो गई। यह टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज की पहली हार है। टीम ने इससे पहले दोनों मुकाबले जीते थे। इस मैच में भारतीय टीम की गेंदबाज झूलन एक विकेट लेने के साथ ही विश्व कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। झूलन के 40 विकेट हो गए हैं। इस प्रकार उसने ऑस्ट्रेलिया की लिन फुलस्टन को पीछे छोड़ा।

# बीसीबी के केन्द्रीय अनुबंध में शाकिब सहित पांच खिलाड़ी शामिल

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने ऑलराउंडर शाकिब अल हसन सहित पांच क्रिकेटरों को इस साल तीनों प्रारूपों के लिए केन्द्रीय अनुबंध दिया है। बीसीबी ने शाकिब के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाने से इंकार करने के बाद भी उन्हें अनुबंध में शामिल किया है। शाकिब ने दौरे पर जाने से माना करते हुए बीसीबी से ब्रेक मांगा था जिसपर बोर्ड ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनपर सवाल भी उठाये थे।

इससे पहले शाकिब जनवरी में भी निजी कारणों के नाम पर न्यूजीलैंड टेस्ट से बाहर हो गए थे। इसके बाद एक बार फिर उन्होंने कहा कि उनकी शारीरिक और मानसिक स्थिति उन्हें इस महीने के अंत में दक्षिण अफ़्रीका का दौरा करने की नहीं है। बीसीबी ने बाद में उन्हें 30 अप्रैल तक सभी अंतररष्ट्रीय क्रिकेट मैचों से आराम दे दिया। बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने कहा कि शाकिब नवंबर के मध्य तक उन्हें टेस्ट से दूर रखने के अपने शुरुआती अनुरोध से पीछे हो गए थे। अब की गयी घोषणा से पता चलता है कि बीसीबी इस साल के बाक़ी टेस्ट मैचों के लिए शाकिब के उपलब्ध होने की उम्मीद कर रही थी। शाकिब के अलावा बीसीबी ने सभी प्रारूपों के अनुबंधों के लिए मुशफ़किर रहीम, लिटन दास, तस्कीन अहमद और शोरिफुल इस्लाम के साथ करार जारी रखा है। वहीं महमुदुल हसन जॉय और यासिर अली, ऐसे दो खिलाड़ी हैं जिन्हें पहली बार टेस्ट क्रिकेट के अनुबंध पर रखा गया है।

### हेल्स ने आईपीएल से नाम वापस लिया, केकेआर ने फिंच को शामिल किया

**मुम्बई।** इंग्लैंड के बल्लेबाज एलेक्स हेल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है। हेल्स को आईपीएल के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 1.5 करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया था। हेल्स ने बायो बबल से होने वाली थकान को देखते हुए इस टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लिया है। केकेआर ने अब हेल्स की जगह पर ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच को शामिल किया है। फिंच ने अब तक 88 आईपीएल मुकाबलों में 2 शतक और 15 अर्धशतक की सहायता से 2686 रन बनाए हैं। केकेआर टीम को 26 मार्च को आईपीएल के अपने शुरुआती मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से खेलना है। हेल्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी डाली है। इसमें उन्होंने लिखा है , मुझे यह घोषणा करते हुए दुख हो रहा है कि मुझे आईपीएल से हटना पड़ रहा है। पिछले चार महीने घर से दूर रहने के बाद प्रतिबंधित बायो बबल में और ऑस्ट्रेलिया में स्वयं कोविड-19 के लिए सकारात्मक परीक्षण करने के बाद अब मेरा शरीर एक बार ओर बायो बबल में रहने के लिए तैयार नहीं है।

# महिला विश्व कप के सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाली खिलाड़ी बनीं मिताली

**हैम्लिटन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज ने शनिवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आईसीसी विश्व कप के तीसरे मैच के लिए मैदान में उतरते ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। मिताली अब महिला विश्व कप के सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी करने वाली विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बन गयी हैं।

मिताली ने सबसे ज्यादा मैचों में कप्तानी के मामले में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क का रिकॉर्ड तोड़ा है। बेलिंडा ने 23 मैचों में कप्तानी की थी , वहीं मिताली विश्व कप में 24वीं बार कप्तान के तौर पर उतरीं हैं। उनकी कप्तानी में खेले गये 23 मैचों में से भारतीय टीम ने 14 मैच जीते है और आठ हारे हैं। इसके अलावा एक मैच का परिणाम नहीं निकला। इस बार विश्व कप के शुरुआती मैच में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराया था जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे मैच में टीम को हार का सामना करना पड़ा। बल्लेबाज के तौर पर मिताली अब तक विशेष प्रदर्शन नहीं कर पायी हैं। पाक के खिलाफ वह नौ रन, न्यूजीलैंड के खिलाफ 31 रन व इस तीसरे मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ केवल पांच रन ही बना पायी हैं हालांकि अपने दो दशक के करियर में इस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा रन बनाने के साथ ही कई रिकार्ड अपने नाम किये हैं।

### लखनऊ सुपर जाइंट्स की ओर से खेलेंगे वुड

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अनुबंध को कं?यूटर गेम की तरह बताया है। वुड को आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स ने साढ़े 7 करोड़ रुपये में खरीदा है। वुड के अनुसार अनुबंध मिलना 'फुटबॉल मैनेजर' जैसा कंप्यूटर गेम खेलने की तरह है जो वास्तविक नहीं होता है। वुड ने कहा कि जब बोली लगी तो उनकी पत?नी सारा ने पूछा कि यह पाउंड में कितनी राशि होगी। साथ ही मजाकिया लहजे में कहा कि मुझे सभी खाते फ्रीज करने पड़ सकते हैं, जिससे की यह राशि गायब नहीं हो जाए।

# उपभोक्ता बिना हॉलमार्क वाले सोने के गहनों की भी करवा सकते हैं शुद्धता जांच



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता अब भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से बिना हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की भी शुद्धता जांच करवा सकते हैं। एक सरकारी बयान में कहा गया है ?कि सोने के चार आभूषणों के परीक्षण का शुल्क 200 रुपए है। वहीं पांच या अधिक आभूषणों के लिए शुल्क 45 रुपए प्रति इकाई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि अनिवार्य हॉलमार्किंग को सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है, जिसमें हर दिन तीन लाख सोने की वस्तुओं को एचयूआईडी (हॉलमार्क विशिष्ट पहचान) के साथ प्रमाणित किया जा रहा है। बीआईएस ने अब एक आम उपभोक्ता को बीआईएस से मान्यता-प्राप्त एसेइंग एंड हॉलमार्किंग सेंटर (एएचसी) में से किसी में भी अपने बिना हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की शुद्धता की जांच कराने की अनुमति देने का प्रावधान किया है। एएचसी को प्राथमिकता के आधार पर आम उपभोक्ताओं से सोने के आभूषणों का परीक्षण करना चाहिए और उपभोक्ता को एक परीक्षण रिपोर्ट प्रदान करनी चाहिए। बयान के मुताबिक उपभोक्ता को जारी की गई परीक्षण रिपोर्ट उपभोक्ता को उनके आभूषणों की शुद्धता के बारे में आश्वस्त करेगी और अगर उपभोक्ता अपने पास पड़े आभूषणों को बेचना चाहता है तो भी यह उपयोगी होगा। उपभोक्ता द्वारा खरीदे गए एचयूआईडी नंबर के साथ हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की प्रामाणिकता और शुद्धता को बीआईएस केयर ऐप वेरीफाई एचयूआईडी का उपयोग करके भी सत्यापित किया जा सकता है, जिसे प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

# डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 800 अरब डॉलर होगी: सीतारमण



**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत में इंटरनेट की पहुंच बढ़ने और आय स्तर में बढ़ोतरी के साथ ही डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक 800 अरब डॉलर के पार हो सकती है। सीतारमण ने आईआईटी बॉम्बे पूर्व-छात्र संगठन को डिजिटल ढंग से संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 6,300 से अधिक वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं, जिनमें से 28 प्रतिशत निवेश प्रौद्योगिकी में, 27 प्रतिशत भुगतान खंड में, 16 प्रतिशत उधारी खंड में और नौ प्रतिशत बैंकिंग बुनियादी ढांचे में हैं, जबकि 20 प्रतिशत से अधिक कंपनियां अन्य क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि ये वित्त-प्रौद्योगिकी कंपनियां विभिन्न गतिविधियों में फैली हुई हैं। वित्त मंत्री ने कहा ?कि एक आकलन के मुताबिक भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था 2020 में 85-90 अरब अमेरिकी डॉलर तक है और इसके 2030 तक बढ़कर 800 अरब अमेरिकी डॉलर होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत में इंटरनेट की पहुंच बढ़ने और आय स्तर में वृद्धि के कारण डिजिटल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने ई-केवाईसी और ई-आधार जैसी तकनीक के साथ शेयर बाजारों तक पहुंच को आसान बनाया है, जिससे बाजार में खुदरा निवेशक बढ़े हैं। सीतारमण ने कहा कि खुदरा निवेशकों के खातों की कुल संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। यह आंकड़ा मार्च 2016 में 4.5 करोड़ था, जो मार्च 2021 तक बढ़कर 8.82 करोड़ हो गया।

### रियल एस्टेट में बढ़ रही महिलाओं की हिस्सेदारी

**मुंबई।** निवेश को लेकर महिलाओं की पसंद में धीरे-धीरे बदलाव हो रहा है। अब महिलाएं सोने, एसआईपी, इक्विटी व लग्जरी फैशन के मुकाबले संपत्तियों में निवेश करना ज्यादा पसंद कर रही हैं। सर्वे में कहा गया है, कि 69 प्रतिशत महिलाओं ने रियल एस्टेट में पैसे लगाने को लेकर अधिक दिलचस्पी दिखाई है। 27 प्रतिशत महिलाएं संपत्तियां खरीदना चाहती हैं, जबकि 81 फीसदी की खुद के लिए मकान खरीदने में दिलचस्पी है। 63 फीसदी महिलाएं बने बनाए मकान (रेडी-टू-मूव) खरीदना चाहती हैं। इनमें 56 फीसदी महिलाएं बेंगलुरु की हैं। संपत्तियां खरीदने में कुछ वर्षों में महिलाओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। निवेश के उद्देश्य से खरीदारी करने की इच्छा रखने वाली ज्यादातर महिलाएं दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु से रहीं। खुद के इस्तेमाल करने के लिए मकान खरीदने वाली महिलाओं में ज्यादातर हिस्सेदारी मुंबई और चेन्नई की रही।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी की तेजी रही




**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों से ?मिलेजुले संकेतों और भूराजनी?तिक उठापटक की वजह से बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में दो फीसदी से ज्यादा तेजी दर्ज की गई। शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरा दौर रहने के बावजूद दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों का कहना है ?कि भारतीय शेयर बाजार वैश्विक बाजारों के रुझान पर चल रहे हैं और इसी वजह से उठापटक देखी जा रही है। बीते सपताह पांच कारोबारी ?दिन सोमवार और मंगलवार को बाजार में कमजोरी और तीन ?दिन बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। ?पिछले सप्ताह के पांच कारोबारी ?दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी ??दिन सोमवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स 1,620.73 अंक की गिरावट के साथ 52,713.08 पर खुला और 1,491.06 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 52,842.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह व्यापक एनएसई निफ्टी 447.05 अंक टूटकर 16,000 के स्तर से नीचे 15,798.30 पर खुला और 382.20 अंक की भारी गिरावट के साथ 15,863.15 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 432.36 अंक की गिरावट के साथ 52,410.39 पर खुला और 581.93 अंक की गिरावट के साथ 53,424.26 पर बंद हुआ। निफ्टी शुरुआती कारोबार में 115.75 अंक की गिरावट के साथ 15,747.40 पर खुला और 115.75 अंक की गिरावट के बाद 16,013.45 पर बंद हुआ।

बुधवार को सेंसेक्स 444.51 अंक की बढ़त के साथ 53,868.60 पर खुला और 1,223.24 अंक की तेजी के साथ 54,647.33 पर बंद हुआ। निफ्टी 117.10 अंक चढ़कर 16,130.55 पर खुला और 331.90 अंक की तेजी के साथ 16,345.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स अंकों की तेजी के साथ 55,809 खुला और 817.06 अंक बढ़कर 55,464.39 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 411 अंकों की तेजी के साथ 16,757 पर खुला और 249.55 अंक बढ़कर 16,594.90 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 414.44 अंक की गिरावट के साथ 55,049.95 पर खुला और 369.56 अंक की बढ़त के बाद 55.550.30 पर बंद हुआ। निफ्टी 5.55 अंक बढ़कर 16,630.45 अंक पर बंद हुआ।

# अमेरिका ने रूस से सर्वाधिक तरजीही देश का दर्जा वापस लिया

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर रूस के हमले से नाराज अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस को दिए गए सर्वाधिक तरजीही देश (एमएफएन) का दर्जा वापस ले ?लिया है। साथ ही रूस से समुद्री खाद्य उत्पादों (सीफूड), शराब एवं हीरों के आयात पर भी रोक लगा दी। अमेरिकी सरकार ने रूस से एमएफएन का दर्जा वापस लेने का निर्णय यूरोपीय संघ और जी-7 समूह के देशों के साथ मिलकर ?निर्णय लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के रूजवेल्ट रूम से बाइडेन ने अपने बयान में कहा ?कि स्वतंत्र दुनिया पुतिन का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़ी हो रही है।



# तापसी पन्नू के ट्वीट पर भड़कीं कंगना रनौत

केंद्र सरकार के विवादित कृषि कानूनों पर किसानों के आंदोलन के बारे में रिहाना, मिया खलीफा और ग्रेटा थनबर्ग जैसे इंटरनैशनल सिलेब्स के ट्वीट किए जाने के बाद यह मुद्दा गर्मा गया है। बॉलिवुड के बहुत सारे कलाकारों ने इस बात पर ऐतराज जताया है कि भारत के आंतरिक मसले पर बाहर के लोग बिना जाने-समझे कॉमेंट्स न करें। कंगना रनौत ने भी रिहाना और ग्रेटा थनबर्ग की आलोचना करते हुए कई ट्वीट किए हैं। अब इसी मुद्दे पर तापसी पन्नू के एक ट्वीट पर कंगना भड़क गई हैं।



तापसी ने अपने ट्वीट में लिखा था, अगर एक ट्वीट से आपकी एकता को धक्का लगता है, अगर एक चुटकुले से आपके विश्वास या एक शो से आपकी धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती है तो आप ही हैं जिसे अपने वैल्यू सिस्टम को मजबूत बनाना है न कि दूसरों के लिए प्रोपेगैंडा टीचर बन जाएं। माना जा रहा है कि यह ट्वीट तापसी ने बिना नाम लिए कंगना पर कटाक्ष करते हुए लिखा था। इस ट्वीट पर कंगना रनौत बुरी तरह भड़क गईं। उन्होंने तापसी को जवाब देते हुए लिखा, बी ग्रेड लोगों की बी ग्रेड सोच, अपनी मातृभूमि और परिवार के विश्वास के लिए आदमी को खड़ा होना चाहिए, यही कर्म है यही धर्म भी है..फ्री फंड का सिर्फ खाने वाले मत बनो...इस का बोझ...इसीलिए मैं इन्हें बी ग्रेड बुलाती हूं...इन मुफ्तखोरों पर ध्यान मत दीजिए। कंगना यहीं नहीं रुकीं बल्कि उन्होंने एक और ट्वीट करते हुए कहा, राष्ट्रविरोधी सामने आ गए हैं और वे मुद्दे को भटकाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। रुक जाइए, मैं आज अर्णब गोस्वामी के साथ इंटरव्यू करने जा रही हूं और परत दर परत इनकी सच्चाई सामने लाऊंगी हाहाहा। बता दें कि विदेशी सिलेब्स के ट्वीट्स के बाद कई बॉलिवुड कलाकार जैसे अक्षय कुमार, अजय देवगन, सुनील शेट्टी और क्रिकेटर सचिन तेंडुलकर, विराट कोहली, प्रज्ञान ओझा जैसे लोग सोशल मीडिया पर सरकार के सपोर्ट में आ गए हैं और किसान आंदोलन पर बाहर के लोगों के बोलने की आलोचना कर रहे हैं।



## पूजा हेगड़े से शख्स ने की अजीबोगरीब रिक्वेस्ट

मिस यूनिवर्स इंडिया के स्टेज से सिल्वर स्क्रीन्स तक, पूजा हेगड़े ने अपने फैशन सेंस, प्यारी मुस्कान और गजब के टैलट से करोड़ों दिलों को जीता है। वह अब तक कई फिल्में कर चुकी हैं और इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है। पूजा के सोशल मीडिया पर 12 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और कई फैन पेज उनपर ही बेस्ड हैं। हाल ही में फैंस को ट्रीट देने के लिए ऐक्ट्रेस ने पोस्ट ए फोटो ऑफ ट्रेंड में हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी फोटो गैलरी से कई अनदेखी तस्वीरें शेयर कीं। जहां कुछ फैंस ने पूजा से इंस्टाग्राम पर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलक देने को कहा तो वहीं एक यूजर ने उनसे अजीबोगरीब रिक्वेस्ट कर दी। इसने हर किसी का ध्यान खींचा। दरअसल, शख्स ने एक नेकेड पिक्चर की मांग की जिस पर ऐक्ट्रेस ने अपने पैरों की तस्वीर भेजी और लिखा, नंगे पांव। अब पूजा मोस्ट एलिजबल बैचलर में नजर आएंगी जिसका डायरेक्शन भास्कर कर रहे हैं। उन्हें फिल्म में अखिल अक्किनेनी के ऑपोजिट कास्ट किया गया है। इसके अलावा वह प्रभास स्टारर राधे श्याम में नजर आएंगी। इसके अलावा उनकी झोली में सर्कस और आचार्य जैसे प्रॉजेक्ट्स भी हैं।



## अनुभव सिन्हा के साथ फिर काम करेंगे आयुष्मान खुराना

बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना फिल्मकार अनुभव सिन्हा की फिल्म में फिर काम करते नजर आ सकते हैं। आयुष्मान खुराना ने अनुभव सिन्हा की फिल्म आर्टिकल 15 में काम किया था। अनुभव सिन्हा ने अपनी आने वाली फिल्म की घोषणा कर दी है और उनकी इस फिल्म के हीरो एक बार फिर आयुष्मान ही रहेंगे। फिल्म का नाम अनेक होगा। आयुष्मान खुराना ने फिल्म अनेक के लिए अपने लुक का खुलासा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर किया। अपने इस लुक में उन्होंने ग्रीन कलर की टी-शर्ट के ऊपर जैकेट पहनी हुई है। दाढ़ी बढ़ी हुई है और बाल भी मैसी हैं। आयुष्मान ने जानकारी दी कि उनके कैरेक्टर का नाम जोशुआ है।




# चर्चा में आ गई हैं निधि अग्रवाल, अब मिल गया सबसे सबसे बड़ा ऑफर



साउथ की मशहूर ऐक्ट्रेस निधि अग्रवाल का समय इन दिनों काफी अच्छा चल रहा है। 2019 में आई फिल्म आईस्मार्ट शंकर की जबरदस्त सफलता के बाद अब उन्हें करियर की सबसे बड़ी फिल्म हाथ लगी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निधि को डायरेक्टर कृष की अपकमिंग फिल्म पीएसपीके27 के लिए लीड ऐक्ट्रेस के तौर पर फाइनल कर लिया गया है। खास बात यह है कि फिल्म में लीड ऐक्टर पवन कल्याण होंगे जिनकी साउथ इंडिया में जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। बताया जा रहा है कि इस पीरियड ड्रामा पर हैदराबाद में काम भी शुरू हो गया है। यही नहीं, निधि बीते दिनों से शूट में हिस्सा भी ले रही हैं। कोविड के बाद हुए लॉकडाउन से पहले पवन ने इस प्रॉजेक्ट की करीब 15 दिन शूटिंग की थी। बता दें, इस बिग बजट फिल्म का म्यूजिक एमएम कीरवानी तैयार कर रहे हैं। फिल्म का कैमरा डिपार्टमेंट अक्लेम्ड सिनेमेटोग्राफर ग्राना शेखर वीएस संभाल रहे हैं जबकि सांई माधव बुर्रा इसके डायलॉग्स लिख रहे हैं। राम-लक्ष्मण फिल्म के ऐक्शन सीक्वेंसेस को कोरियोग्राफ करेंगे। वहीं, वीएफएक्स् का काम एक्वामैन, वॉरक्राफ्ट, स्टार वॉर्सः एपिसोड 8- द फोर्स अवेकन्स फेम बेन लॉक देखेंगे। जानकारी के मुताबिक, इस फिल्म को सांइ रा नरसिम्हा रेड्डी की स्केल पर बनाया जा रहा है। यह पैन इंडियन फिल्म होगी जो तमिल में भी रिलीज होगी। निधि अग्रवाल की पोंगल पर दो तमिल फिल्में ईश्वरन और भूमि रिलीज हुई थीं। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था।

# सारा अली खान ने दिखाया स्टाइलिश अवतार

बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। सारा अली खान आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। एक्ट्रेस की यह फोटो उनके फैंस के दिलों पर बिजलियां गिराती हैं। उनके फैंस उनकी एक फोटोज का इंतजार करती हैं। सारा की यह फोटोज सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती है। हाल ही में सारा ने अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर की हैं जिस पर उनके फैंस कमेंटस कर खूब रिएक्शन दे रहे हैं। सारा ने सोशल मीडिया पर विंटर स्टाइल को फ्लॉन्ट किया। सारा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की हैं, जहां वह एक लॉन्ग हूडी पहने नजर आ रही हैं, वहीं नीचे उन्होंने लॉन्ग मोजे पहने हैं। शेयर तस्वीरें को



उन्होंने कैप्शन में लिखा, स्वेटर डेज एंड विंटर हेज सरसो का साग और गोल्डन रेज। सारा की इस फोटो को दस लाख से भी ज्यादा लाइक मिले हैं। अभिनेत्री हाल ही में मालदीव में छुट्टी मनाकर लौटी हैं। वह भाई इब्राहिम अली खान और मां अमृता सिंह के साथ छुट्टियां मनाने गई थीं। सारा को हाल ही में अभिनेता वरुण धवन के साथ ओटीटी-रिलीज की गई फिल्म कुली नंबर 1 में देखा गया था, और उन्होंने अपनी अगली फिल्म अतरंगी रे की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, धनुष और निमरत कौर भी हैं। इसका निर्देशन आनंद एल राय ने किया है।

## हर किसी को अच्छा दिखना पसंद है : शिखा तल्सानिया

बॉलीवुड में अभिनेत्रियों के लुक को काफी अहमियत दी जाती है। बहरहाल, शिखा तल्सानिया का कहना है कि उन्होंने अच्छे दिखने के दबाव से निपटना सीख लिया है। शिखा ने बताया, ये मेरे खुद के विचार हैं। हर कोई अच्छा दिखना चाहता है और यह आपके जॉब का एक हिस्सा है, जहां आपको अपने सामने आने वाली हर चीज और अपने किसी किरदार के मद्देनजर अपने लुक को बदलने के लिए खुद को हमेशा तैयार रखना पड़ता है। इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण रखने वाली शिखा आगे कहती हैं, मसल्स बनाना हो या काफी सारा वजन घटाना हो या अपने बालों या मेकअप को बदलना हो या प्रोस्थेटिक करवाना हो। मेरे ख्याल से एक किरदार में जान डालने के लिए कई सारी चीजें करनी पड़ती है। मेरा इस बारे में यही सोचना है। सोनाक्षी सिन्हा, जरीन खान, विद्या बालन, परिणीति चोपड़ा ऐसी कई सारी बॉलीवुड अभिनेत्रियां हैं, जिन्हें सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग का सामना करना पड़ा है।



# प्रियंका को पसंद आया परिणीति की फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन का ट्रेलर



बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को परिणीति चोपड़ा की आने वाली फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन का ट्रेलर बेहद पसंद आया है। परिणीति चोपड़ा की फ़िल्म को रिभु दासगुप्ता ने निर्देशित किया है। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया था जिसे लोगों ने बेहद पसंद किया। प्रियंका चोपड़ा को भी अपनी कजन परिणीति की फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन का ट्रेलर पसंद आया है। प्रियंका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर परिणीति के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, वाह, परिणीति चोपड़ा... इस द गर्ल ऑन द ट्रेन को देखने के लिए काफी उत्सुक हूं। गौरतलब है कि द गर्ल ऑन द ट्रेन इसी नाम की हॉलीवुड की फिल्म का हिंदी रीमेक है। फ़िल्म में परिणीति के साथ अदिति राव हैदरी और कीर्ति कुल्हरी भी अहम किरदारों में दिखेंगी। द गर्ल ऑन द ट्रेन एक ऐसी लड़की मीरा की कहानी है, जो रोज़ ट्रेन से सफ़र करते हुए ट्रेन से एक परिवार को खुशहाल ज़िंदगी जीते हुए देखती है, लेकिन एक दिन कुछ ऐसा देखती है कि उसकी ज़िंदगी में उथल-पुथल मच जाती है और वो सच जानने के पीछे लग जाती है। फ़िल्म में परिणीति के साथ अदिति राव हैदरी और कीर्ति कुल्हरी भी अहम किरदारों में दिखेंगी। यह फिल्म यह फिल्म 26 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# सर्दियों में अंगूर खाने के ये 7 फायदे पढ़कर हैरान हो जाएंगे आप



बाजार में आमतौर पर दो तरह के अंगूर मिलते हैं। एक तो हल्के हरे रंग के और दूसरे काले रंग के। अंगूर खाना लोग बेहद पसंद करते हैं। अंगूर में भरपूर मात्रा में कैलोरी, पाइबर, विटामिन सी और विटामिन ई पाई जाती है। इसलिए अंगूर और भी ज्यादा फायदेमंद हो जाते हैं। ये आपके शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाते हैं। आयुर्वेद में भी इसे सेहत का खजाना बताया गया है। अंगूर से होने वाले फायदे बहुत ही कमाल के हैं। आइए हम अंगूर से आपके शरीर को होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।

1. अगर आपके घर में कोई भी व्यक्ति हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त है तो उनके लिए अंगूर किसी रामबाण से कम नहीं है। अंगूर खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। हाई ब्लड प्रेशर वाले हफ्ते में तीन`स चार दिन अंगूर का सेवन करें, इससे उन्हें बहुत फायदा मिलेगा।

2. अंगूर में ग्लूकोज, मैग्नीशियम और साइट्रिक एसिड जैसे कई सारे तत्व पाए जाते हैं। अंगूर कई तरह की बीमारियों में काम आता है। इसका सेवन करना बहुत ही फायदेमंद रहता है। टीबी, कैंसर और ब्लड-इंफेक्शन जैसी बीमारियों में ये मुख्य रूप से फायदेमंद होता है।

3. पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें दिल से जुड़ीस बीमारियों से होती हैं। इसलिए दिल से जुड़ी बीमारियों में अंगूर का सेवन करना लाभप्रद माना जाता है। कुछ समय पहले हुए एक शोध में ये पता चला है कि ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए अंगूर का सेवन करना बेहद फायदेमंद रहता है।

4. अगर आप मधुमेह के रोग से ग्रस्त हैं तो आप अंगूर का सेवन जरूर करें। ये आपके शरीर में शुगर के लेवल को कम करने का काम करता है। इसके अलावा ये आयरन का भी एक बेहतरीन माध्यम है।

5. अगर आपको भूख न लगने की समस्या है और इसकी वजह से आपका वजन नहीं बढ़ पा रहा है तो आपको अंगूर का सेवन जरूर करना चाहिए।

6. अगर आपके शरीर में खून की कमी है या फिर आपका हीमोग्लोबिन कम है तो खून की कमी को दूर करने के लिए एक गिलास अंगूर के जूस में दो चम्मच शहद मिलाकर पीने से खून की कमी दूर हो जाती है। इसके अलावा आपका हीमोग्लोबिन भी बढ़ने लगता है।

7. लोगों की जिंदगी में समय नहीं बचा है। वो दिन-रात भागते-दौड़ते रहते हैं और जीवनशैली पूरी तरह से अव्यवस्थित है तो ऐसे में माइग्रेन की समस्या आम हो जाती है। अगर आपको भी माइग्रेन की समस्या हो तो आप तुरंत ही अंगूर का सेवन करना शुरू कर दें।



## आयुर्वेद के अनुसार जाने नहाने का सही तरीका

आयुर्वेद के अनुसार, जल्दबाजी में नहाना जल्दबाजी में भोजन करने की तरह होता है और आपके शरीर को सभी लाभ नहीं मिल पाते। और आप जल्दी में नहाते है तो ठीक से शरीर की सफाई भी नहीं होती। ताजगी पाने के लिए नहाने का अच्छा अनुभव करना जरूरी होता है। आप इस प्रक्रिया का धीरे-धीरे का पालन करें ताकि आपके शरीर के हर हिस्से में पानी ठीक तरह से जा सके। आइए ठीक से नहाने के तरीके के बारे में जानें.... नहाने की शुरुआत अपने हाथ और पैरों को धोने से करें। अगर आप ठंडे पानी से नहा रहे हैं तो आपको शुरुआत सिर से पांव से करनी चाहिए। और अगर आप गर्म पानी से नहा रहे हैं तो आपको पैरों की उंगालियों से धोना शुरु करते हुए फिर सिर तक आना चाहिए। आपको बाजार में उपलब्ध केमिकल युक्त साबुन से बचना चाहिए। क्योंकि सभी केमिकल आपकी त्वचा अवशोषित कर सकती है। नहाने से पहले सरसों के तेल या तिल के तेल की मसाज आपके शरीर के लिए फायदेमंद हो सकती है। यह मांसपेशियों को रिलैक्स करने और त्वचा की बनावट में सुधार करने में मदद करती है। हालांकि स्नान करते समय जल्दी नहीं होनी चाहिए।

# अब खत्म हो यूक्रेन-संकट



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन के इस दावे का यूक्रेन ने खंडन कर दिया है कि रूस-यूक्रेन वार्ता में कुछ प्रगति हुई है। इधर तुर्की में रूस और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच पिछले तीन दिनों से बराबर संवाद चल रहा है। जब यूक्रेन पर रूस का हमला शुरु हुआ था तो ऐसा लग रहा था कि दो-तीन दिन में ही झेलेंस्की-सरकार धराशायी हो जाएगी और यूक्रेन पर रूस का कब्जा हो जाएगा लेकिन दो हफ्तों के बावजूद यूक्रेन ने अभी तक घुटने नहीं टेके हैं। उसके सैनिक और सामान्य नागरिक रूसी फौजियों का मुकाबला कर रहे हैं। इस बीच सैकड़ों रूसी सैनिक मारे गए हैं और उसके दर्जनों वायुयान तथा अस्त्र-शस्त्र मार गिराए गए हैं। यूक्रेनी लोग भी मर रहे हैं और कई भवन भी धराशायी हो गए हैं। यूक्रेन का इतना विध्वंस हुआ है कि उससे पार पाने में उसे कई वर्ष लगेंगे। अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्र उसकी क्षति-पूर्ति के लिए करोड़ों-अरबों डॉलर दे रहे हैं। रूसी जनता को भी समझ में नहीं आ रहा है कि इस हमले को पूतिन इतना लंबा क्यों खींच रहे हैं? जब झेलेंस्की ने नाटो से अपने मोहभंग की घोषणा कर दी है और यह भी कह दिया है कि यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा तो फिर अब बचा क्या है? पूतिन अब भी क्यों अड़े हुए हैं? शायद वे चाहते हैं कि नाटो के महासचिव खुद यह घोषणा करें कि यूक्रेन को वे नाटो में शामिल नहीं करेंगे। इस झगड़े की जड़ नाटो ही है। नाटो के सदस्य यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, यह तो अच्छी बात है लेकिन वे अपनी नाक नीची नहीं होना देना चाहते हैं। उन्हें डर है कि यदि नाटो ने अपने कूटनीतिक हथियार डाल दिए तो उसका असर उन राष्ट्रों पर काफी गहरा पड़ेगा, जो पूर्वी यूरोप और सोवियत संघ के हिस्सा थे। लेकिन अमेरिका और नाटो अब भी संकोच करेंगे तो यह हमला और इसका प्रतिशोध लंबा खिंच जाएगा, जिसका बुरा असर सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। यूरोपीय राष्ट्रों को अभी तक रूसी गैस और तेल मिलता जा रहा है। उसके बंद होते ही उनकी अर्थव्यवस्था लंगड़ाने लगेगी। एशियाई और अफ्रीकी राष्ट्र भी उससे प्रभावित हुए बिना नहीं रहेंगे। जहां तक रूस का सवाल है, उसकी भी दाल पतली हो जाएगी। पूतिन के खिलाफ रूस के शहरों में प्रदर्शन होने शुरु हो गए हैं। प्रचारतंत्र पर तरह-तरह के प्रतिबंध लग गए हैं। पूतिन ने यूक्रेन में युद्धरत आठ कमांडरों को बर्खास्त कर दिया है। पूतिन को यह समझ में आ गया है कि यूक्रेन पर रूसी कब्जा बहुत मंहगा पड़ेगा। कीव में थोपी गई कठपुतली सरकार ज्यादा कुछ नहीं कर पाएगी। खुद पूतिन की लोकप्रियता को रूस में धक्का लगेगा। यूक्रेन में होनेवाली फजीहत का असर मध्य एशिया के गणतंत्रों के साथ रूस के संबंधों पर भी पड़ेगा। यूक्रेनी संकट के समारोप का यह बिल्कुल सही समय है। रूसी और अमेरिकी खेमों, दोनों को अब यह सबक सीखना होगा कि एक फर्जी मुद्दे को लेकर इतना खतरनाक खेल खेलना उचित नहीं है।

# दांडी मार्च

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

दांडी मार्च जिसे लबण सत्याग्रह, नमक मार्च और दांडी सत्याग्रह के रूप में भी जाना जाता है, महात्मा गांधी के नेतृत्व में औपनिवेशिक भारत में अहिंसक सविनय अवज्ञा का एक कार्य था। चौबीस दिवसीय मार्च 12 मार्च 1930 से 6 अप्रैल 1930 तक ब्रिटिश नमक एकाधिकार के खिलाफ कर प्रतिरोध और अहिंसक विरोध के प्रत्यक्ष कार्रवाई अभियान के रूप में चला। इस मार्च का एक अन्य कारण यह था कि सविनय अवज्ञा आंदोलन को एक मजबूत उद्घाटन की आवश्यकता थी जो अधिक लोगों को गांधी के उदाहरण का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करे। गांधी ने इस मार्च की शुरुआत अपने 78 भरोसेमंद स्वयंसेवकों के साथ की थी।मार्च 240 मील (390 किमी), साबरमती आश्रम से दांडी तक फैला, जिसे उस समय (अब गुजरात राज्य में) नवसारी कहा जाता था।[रास्ते में भारतीयों की बढ़ती संख्या उनके साथ जुड़ गई। जब गांधी ने 6 अप्रैल 1930 को सुबह 8־30 बजे ब्रिटिश राज नमक कानूनों को तोड़ा, तो इसने लाखों भारतीयों द्वारा नमक कानूनों के खिलाफ बड़े पैमाने पर सविनय अवज्ञा के कृत्यों को जन्म दिया।

दांडी में वाष्पीकरण द्वारा नमक बनाने के बाद, गांधी तट के साथ दक्षिण की ओर बढ़ते रहे, नमक बनाते रहे और रास्ते में सभाओं को संबोधित करते रहे। कांग्रेस पार्टी ने दांडी से 130,000 फीट (40 कि?मी?) दक्षिण में धरसाना साल्ट वर्क्स में सत्याग्रह करने की योजना बनाई। हालाँकि, गांधी को धरसाना में नियोजित कार्रवाई से कुछ दिन पहले 4-5 मई 1930 की मध्यरात्रि को गिरफ्तार कर लिया गया था। दांडी मार्च और आगामी धरसाना सत्याग्रह ने व्यापक समाचार पत्रों और न्यूज़रील कवरेज के माध्यम से भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की ओर दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। नमक कर के खिलाफ सत्याग्रह लगभग एक साल तक जारी रहा, गांधी की जेल से रिहाई और दूसरे गोलमेज सम्मेलन में वायसराय लॉर्ड इर्विन के साथ बातचीत के साथ समाप्त हुआ. हालांकि नमक सत्याग्रह के परिणामस्वरूप 60,000 से अधिक भारतीयों को जेल में डाल दिया गया अंग्रेजों ने तत्काल बड़ी रियायतें नहीं दीं।

नमक सत्याग्रह अभियान गांधी के अहिंसक विरोध के सिद्धांतों पर आधारित था, जिसे सत्याग्रह कहा जाता है, जिसका उन्होंने संक्षेप में ÷सत्य-बल÷ के रूप में अनुवाद किया।शाब्दिक रूप से, यह संस्कृत के शब्द सत्य, ÷सत्य÷, और अग्रहा, ÷आग्रह÷ से बना है। 1930 की शुरुआत में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश शासन से भारतीय संप्रभुता और स्व-शासन जीतने के लिए अपनी मुख्य रणनीति के रूप में सत्याग्रह को चुना और अभियान को व्यवस्थित करने के लिए गांधी को नियुक्त किया। गांधी ने 1882 के ब्रिटिश नमक अधिनियम को सत्याग्रह के पहले लक्ष्य के रूप में चुना। दांडी के लिए नमक मार्च, और धरसाना में सैकड़ों अहिंसक प्रदर्शनकारियों की ब्रिटिश पुलिस द्वारा पिटाई, जिसे दुनिया भर में समाचार कवरेज मिला, ने सामाजिक और राजनीतिक अन्याय से लड़ने के लिए एक तकनीक के रूप में सविनय अवज्ञा के प्रभावी उपयोग का प्रदर्शन किया।1960 के दशक में अफ्रीकी अमेरिकियों और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के नागरिक अधिकारों के लिए नागरिक अधिकार आंदोलन के दौरान गांधी और मार्च टू दांडी की सत्याग्रह शिक्षाओं का अमेरिकी कार्यकर्ताओं मार्टिन लूथर किंग,जेम्स बेवेल और



अन्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। यह मार्च 1920-22 के असहयोग आंदोलन के बाद से ब्रिटिश सत्ता के लिए सबसे महत्वपूर्ण संगठित चुनौती थी, और 26 जनवरी 1930 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संप्रभुता और स्व-शासन की पूर्ण स्वराज की घोषणा का सीधे पालन किया। इसने दुनिया भर में ध्यान आकर्षित किया जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को गति दी और राष्ट्रव्यापी सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया जो 1934 तक जारी रहा।

## महात्मा गांधी और सरोजिनी नायडू मार्च के दौरान

31 दिसंबर 1929 की आधी रात को, कांग्रेस (भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस) ने लाहौर में रावी के तट पर भारत का तिरंगा झंडा फहराया। गांधी और जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 26 जनवरी 1930[ को सार्वजनिक रूप से संप्रभुता और स्व-शासन, या पूर्ण स्वराज की घोषणा जारी की। (सचमुच संस्कृत में, पूर्ण, ÷पूर्ण,÷ स्व, ÷स्व,÷ राज, ÷नियम,÷ इसलिए ÷पूर्ण स्व-शासन÷) घोषणा में करों को वापस लेने की तत्परता और कथन शामिल था־

हम मानते हैं कि किसी भी अन्य लोगों की तरह, भारतीय लोगों का यह अहरणीय अधिकार है कि वे स्वतंत्रता प्राप्त करें और अपने परिश्रम के फल का आनंद लें और जीवन की आवश्यकताएं प्राप्त करें, ताकि उन्हें विकास के पूर्ण अवसर मिल सकें। हम यह भी मानते हैं कि यदि कोई सरकार किसी व्यक्ति को इन अधिकारों से वंचित करती है और उनका दमन करती है तो लोगों को इसे बदलने या समाप्त करने का एक और अधिकार है। भारत में ब्रिटिश सरकार ने न केवल भारतीय लोगों को उनकी स्वतंत्रता से वंचित किया है, बल्कि जनता के शोषण पर आधारित है, और आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से भारत को बर्बाद कर दिया है। इसलिए, हम मानते हैं कि भारत को ब्रिटिश कनेक्शन को तोड़ देना चाहिए और %पूर्ण स्वराज% या पूर्ण संप्रभुता और स्व-शासन प्राप्त करना चाहिए।

कांग्रेस कार्य समिति ने गांधी को सविनय अवज्ञा के पहले अधिनियम के आयोजन की जिम्मेदारी दी, साथ ही कांग्रेस स्वयं गांधी की गिरफ्तारी के बाद कार्यभार संभालने के लिए तैयार थी. गांधी की योजना ब्रिटिश नमक कर के उद्देश्य से सत्याग्रह के साथ सविनय अवज्ञा शुरू करने की थी। 1882 के नमक अधिनियम ने अंग्रेजों को नमक के संग्रह और निर्माण पर एकाधिकार दिया, इसके संचालन को सरकारी नमक डिपो तक सीमित कर दिया और नमक कर लगा दिया। नमक अधिनियम का उल्लंघन एक आपराधिक अपराध था। भले ही तट पर रहने वालों के लिए नमक स्वतंत्र रूप से उपलब्ध था (समुद्र के पानी के वाष्पीकरण द्वारा), भारतीयों को इसे औपनिवेशिक सरकार से खरीदने के लिए मजबूर किया गया था।

# जीव परमेश्वर की परा शक्ति

जीव परमेश्वर की परा प्रकृति (शक्ति) है। अपरा शक्ति तो पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश, मन, बुद्धि तथा अहंकार जैसे विभिन्न तत्वों के रूप में प्रकट होती है। भौतिक प्रकृति के ये दोनों रूप-स्थूल (पृथ्वी आदि) तथा सूक्ष्म (मन आदि) अपरा शक्ति के ही प्रतिफल हैं। जीव जो अपने विभिन्न कार्य के लिए अपरा शक्तियों का विदोहन करता रहता है, स्वयं परमेश्वर की परा शक्ति है और यह वही शक्ति है जिसके कारण सारा संसार कार्यशील है। इस दृश्य जगत में कार्य करने की तब तक शक्ति नहीं आती, जब तक परा शक्ति अर्थात जीव द्वारा यह गतिशील नहीं बनाया जाता। शक्ति का नियंत्रण सदैव शक्तिमान करता है, अत־ जीव सदैव भगवान द्वारा नियंत्रित होते हैं। जीवों का अपना कोई स्वतंत्र अस्तित्व नहीं है। वे कभी भी सम शक्तिमान नहीं, जैसा कि बुद्धिहीन मनुष्य सोचते हैं। श्रीमद्भागवत में जीव तथा भगवान के अन्तर को इस प्रकार बताया गया है- 'ं परम शात! यदि सारे देहधारी जीव आप ही की तरह शात एवं सर्वव्यापी होते तो वे आपके नियंत्रण में न होते। किन्तु यदि जीवों को आपकी सूक्ष्म शक्ति के रूप में मान लिया जाए, तब वे सभी आपके परम नियंत्रण में आ जाते हैं। अत־ वास्तविक मुक्ति आपकी शरण में जाना है और इस शरणागति से वे सुखी होंगे। परमेश्वर कृष्ण एकमात्र नियन्ता हैं और सारे जीव उन्हीं के द्वारा नियंत्रित हैं। सारे जीव उनकी पराशक्ति हैं, क्योंकि उनके गुण परमेश्वर के समान हैं, किन्तु वे शक्ति की मात्रा के विषय में समान नहीं हैं। स्थूल व सूक्ष्म अपरा शक्ति का उपभोग करते हुए परा शक्ति (जीव) को अपने वास्तविक मन तथा बुद्धि की विस्मृति हो जाती है। इसका कारण जीव पर जड़ प्रकृति का प्रभाव है।

# मेरा अस्तित्व और वजूद दूसरे तय न करें

डॉ. रीना रवि मालपानी

सदैव ही महिला को अनेक कसौटियों पर तौला जाता है। बेटी, बहू, माँ, सास, दादी, नानी इन सब किरदारों को जीते-जीते स्वयं के लिए जीना भूल ही जाती है। नारी को सभी देखते है, पर उसके भीतर छुपे मनोभाव, दर्द, पीड़ा, अकेलापन, घुटन, संत्रास इत्यादि को कोई नहीं समझता। उसकी खुशी पर हमेशा ही समाज शंकित निगाहे रखता है। जब कभी वह प्रेम की ओर अग्रसर होती है, या स्वहित के लिए कोई निर्णय लेती है, बंधनों को तोड़कर ऊँचे आसमान में उड़ना चाहती है तो यही समाज उस पर प्रश्नों की बौछार करने लगता है। उस पर घर को स्वर्ग बनाने का दायित्व तो है पर उस स्वर्ग में स्वयं जीने का नहीं। कभी पिता के लिए जीती है, कभी पति और कभी बच्चों के लिए। अपने ही वजूद की तलाश में भटकते-भटकते वह स्त्री जीवनयात्रा पूरी कर लेती है।

जब परिणय बंधन में स्त्री और पुरुष दोनों बंधते है तब भी दान केवल स्त्री का ही किया जाता है। पति के नाम से जानी जाती है। बच्चों की खुशियों में जीना सीख जाती है। अपने ही अस्तित्व की लड़ाई में हरदम जूझती है नारी। पुरुष सदैव रौब दिखाकर और आवाज को बलवान कर अपनी बात मनवा लेता है और रिश्तों को तोड़ देता है। मगर स्त्री अपनी टूटी पायल को भी जोड़-जोड़ कर घर सँजोने का प्रयास करती है और अपने आँसू पीकर भी जुड़ाव के लिए प्रेरित रहती है।

**महिला दिवस पर ही सम्मान की चाहत नहीं।**

**सबके लिए घुट-घुट कर जीना अब मेरी आदत न।।**

**नहीं खत्म करूंगी सिसकियों के साथ जीवन यात्रा।**

**पियूँगी समान रूप से अमृत और विष की मात्रा॥**



पर क्या नारी होने का मतलब त्याग, समर्पण, करुणा, उदारता की मूरत होना है। वह नारी भी तो एक इंसान है। कहते है मनुष्ययोनि कई योनियों में भटकने के बाद मिलती है। तो फिर क्यों न उसे भी इस कीमती जीवन यात्रा को खुलकर जीने दिया जाए। वह नारी भी कभी-कभी अपनी मनमानी और बचपना करना चाहती है। अपनी जिंदगी जीना चाहती है। चुप्पी, सिसकियों और सहनशीलता की बेड़ियों से बाहर निकलना चाहती है। सबला और सशक्तता की पहचान बनना चाहती है। गमों को घर की अलमारी में बंद करके खुली साँस लेना चाहती है। दुनिया के लिए बहुत जी ली, सबके बारे में सोच-सोच कर खुद को तकलीफ देकर थक चुकी है नारी। अब वह इस गुजरती जिंदगी में से स्वयं के लिए कुछ यादगार लम्हे चुराना चाहती है।

**मेरे अस्तित्व और वजूद पर मत उठाओ प्रश्न।**

**मेरे होने से ही है तुम्हारे जीवन में खुशियों के जश्न॥**

अब मेरी खूबसूरती के मायने काजल, लिपिस्टिक और पाउडर में नहीं बल्कि उम्र के साथ बढ़ती झुर्रियों में भी है। बालों की सफेदी भी मेरी परिपक्वता का उजागर रंग है। अब अभिमान और स्वाभिमान के बीच के अंतर को जीना जान चुकी हूँ। रूढ़िवादी और दक़ियानूसी सोच से उबरना सीख चुकी हूँ। अब अपनी खिलाफ हुई बर्बरता का हिसाब देना भी सीख चुकी हूँ। बेचारी का परिवर्तित रूप सबला और शक्तिशाली होना भी जान चुकी हूँ। अब समय के मायने बदल चुके है और बदलते वक्त में नारी को भी स्वयं के वजूद के लिए बदलना होगा। किसी के दबाव को स्वयं पर हावी मत होने दो। नारी अब तुम्हें अद्वितीय लक्ष्य साधिका बनना है। अब तुम्हें स्वयं की खुशी को संजोना है। स्वयं के लिए जीना सीखना है। बहुत समय बीत गया दिखावे और घुटन का लिबास ओढ़े हुए। अब तुम्हें स्वयं की पहचान नहीं खोना है। अपनी सीमा रेखा अब स्वयं तय करों। किसी की टीका-टिप्पणी और थोपी हुई राय को रास्ते की बाधा मत बनने दो।

**धमनियों के शिथिल होने से पहले जीना चाहती हूँ।**

**कभी-कभी थोड़ा बचपना और मनमानी करना चाहती हूँ॥**

**सदैव सहती थी दंभ, दर्प और जिद की लड़ाई।**

**डॉ. रीना कहती, पर अब कर चुकी हूँ उन्नति के सोपान की चढ़ाई॥**

# अवसरों की समानता

## सूडोकु नवताल- 6009

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

सिद्धार्थ शंकर

वित्त वर्ष 2022-23 के बजट की संतोषदायक बात यह मानी जा रही है कि इस वर्ष देश की सकल घरेलू उत्पाद विकास (जीडीपी) दर नौ फीसद से ऊपर बनी रहेगी। यह अर्थव्यवस्था पर महामारी के प्रभाव के बावजूद है। भारत की गिनती दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में की जाती है और अनुमान है कि अगले एक दशक में यह विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। यह अनुमान उस समय देश के संभावित जीडीपी के आधार पर लगाया गया है। आमतौर पर किसी अर्थव्यवस्था की स्थिति का आकलन उसके जीडीपी के ही आधार पर किया जाता है। इसके अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी क्रमश־ पहले से चौथे स्थान और भारत पांचवे स्थान पर है। यह ध्यान देने योग्य है कि इनमें से चीन को छोड़ बाकी सभी देशों की आबादी भारत की अपेक्षा कम है, फिर भी वे अर्थव्यवस्था के आकार के लिहाज से भारत से आगे हैं और इनकी गिनती विकसित देशों में होती है। जबकि भारत को विकासशील देश माना जाता है। विकसित देशों में जो अवसंरचना मौजूद है और लोगों का जो औसत जीवन स्तर है, वह भारत से बहुत आगे है। साथ ही ऐसे कई देश हैं जिनकी जीडीपी विकास दर भारत की अपेक्षा कम है, मगर समग्र विकास के मामले में वे भारत से आगे हैं। यही विश्लेषण इस प्रश्न को जन्म देता है कि क्या जीडीपी और विकास दर किसी अर्थव्यवस्था की सही स्थिति को दर्शाते हैं? जीडीपी एक देश



की भौगोलिक सीमाओं के दायरे में निर्दिष्ट समयावधि के भीतर उत्पादित माल तथा सेवाओं का मूल्य होता है। इसकी गणना तीन तरीकों से की जाती है- पहला उत्पादनों के मूल्य के आधार पर, दूसरा-व्ययों की राशि के आधार पर और तीसरा आय के आधार पर। आधार कोई भी हो, पर अर्थशास्त्रियों के साथ-साथ समाजशास्त्रियों के भी एक वर्ग का मानना है कि सिर्फ जीडीपी और इसके बढने् की दर के आंकड़े को देख कर अर्थव्यवस्था की पूरी स्थिति नहीं जानी जा सकती। जैसे व्यापारिक जगत में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक रूप से दिखती है, वैसे ही विभिन्न देश भी एक दूसरे से आगे निकलने की कोशिश में हैं। ज्यादातर यह होड़ आर्थिक मोर्चे पर होती है। वैसे भी लोकतांत्रिक सरकारें अपने-अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान लगाती हैं। ऐसा करने के पीछे के प्रयोजनों में एक इसे अपना कर्तव्य समझ कर करना होता है। दूसरा प्रयोजन सरकारों द्वारा अपनी साख बनाने से है, ताकि उनकी आर्थिक उपलब्धियों के आधार पर उन्हें सत्ता में दोबारा आने का मौका मिले। इस प्रकार सकल घरेलू उत्पाद के आर्थिक एवं राजनीतिक दोनों निहितार्थ हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि समग्र रूप से एक देश की माली हालत का आकलन करना एक कठिन कार्य है। ऐसे में यहां सकल घरेलू उत्पाद एक बड़ी मदद बन कर आता है। इसकी अवधारणा के प्रशंसकों की कमी नहीं है। वर्तमान में जो अर्थव्यस्थाएं अपने संसाधनों का भरपूर दोहन कर रही हैं, आंकड़ों में उनका जीडीपी ज्यादा होगा। लेकिन इस दोहन की जो कीमत चुकानी पड़ सकती है, उसका इसमें कोई हिसाब नहीं होता। कई ऐसे अवसर हो सकते हैं जब जीडीपी में ऊंचा स्थान रखने वाला देश अपने से पिछड़े देश से भी किसी महत्वपूर्ण मोर्चे पर पिछड़ जाए। यह जरूरी नहीं कि किसी देश का जीडीपी वहां के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता को भी सही प्रकार से दर्शाए, क्योंकि इसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और अवसरों की समानता जैसी बातों को हिसाब में नहीं लिया जाता, जो किसी भी दृष्टि से रुपए-पैसे से कम महत्वपूर्ण नहीं है। इसे समझने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है। हम शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के रास्ते पर हैं, मगर कुछ जमीनी सच्चाइयों को समझना भी जरूरी है। अर्थव्यवस्था का आकार भले बढ़ रहा हो, मगर यह रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करने में विफल रही है। करोड़ों की तादाद उन लोगों की है जो अपनी काबिलियत अथवा योग्यता के अनुरूप नियोजित नहीं हैं और जो भी काम मिल गया, उसी को अपनी नियति मानने को बाध्य हैं।

# सत्ता परिवर्तन के ज्यादा आसार!

डॉ. भरत मिश्र प्राची

देश में गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश सहित पांच राज्यों के चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न हो गये जहां मतदान औसतन 60 से 65 प्रतिशत के बीच रहा। अब सबकी नजर 10 मार्च को आने वाले परिणाम पर टिकी हुई है जहां इस बार ज्यादात्तर सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे है। चुनाव परिणाम चैकान्ने वाले हो सकते है। इस चुनाव परिणाम को लेकर अपने अपने तरीके से आंकलन मीडिया जगत में किया जा रहा है।

इस बार के विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने आम जनता को अपने पक्ष में कर सत्ता तक पहुंचने के प्रयास में अपने चुनावी घोषणा पत्र में अनेक लुभावने वायदें कर रखे है। जिसके आधार पर सत्ता की दौड़ में एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रही। अब देखना यह है आम जनता पर इनकी लुभावनी घोषणाओं का कितना असर पड़ा है। इस चुनाव में एक दूसरे पर हावी होने के प्रयास में गड़े मुर्दे उखाड़ने, साम्प्रदायिक सदभाव बिगाडने सहित अनेक प्रकार के राजनीतिक हथकडे भी अपनायें गये। सभी राजनीतिक दलों ने राजनीतिक अपराधी को भी टिकट देकर पूर्व की भाँति चुनाव में उतारा है। इस तरह के हालात में इन राज्यों की आवाम किस को सत्ता तक पहुंचाती है। अब सभी की नजर आने वाले चुनाव परिणाम पर है।

उत्तर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनती नजर आ रही है पर इस चुनाव में पूर्व जैसे जनमत के आकड़े उसके पक्ष में नजर नहीं आ रहे है। उत्तर प्रदेश में इस बार सपा ने भाजपा से सत्ता हथियाने की भरपूर कोशिश की, उसे पहले से बेहतर परिणाम मिलने के भी आसार भी नजर आ रहे है पर विपक्ष के बिखराव के कारण सत्ता के पास पहुंच पाना फिलहाल आसान नहीं है। इस परिवेश में भाजपा का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सत्ता पर फिर से आसीन होना संभव दिखाई दे रहा है। वहीं उत्तराखंड में इस विधानसभा चुनाव में भाजपा के पास से सत्ता जाती नजर आ रही है। वहां कांग्रेस सत्ता के करीब नजर आ रही है। पंजाब में भी सत्ता परिवर्तन के लक्षण दिखाई दे रहे जहां सत्ता कांग्रेस से छिटकर आप के पास जाती नजर आ रही है। आप को पंजाब चुनाव में इस बार ज्यादा जनमत आता दिखाई दे रहा है , वह पंजाब राज्य का इस चुनाव में सबसे बड़ा राजनीतिक दल के रूप में उभर सकता है पर सत्ता तक पहुंचने में उसे अन्य राजनीतिक दल के सहयोग की जरूरत पड़ सकती है। गोवा एवं मणिपुर में भी सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे है।

# मुरैना में पोक्सो एक्ट के सनसनीखेज मामले में आरोपी को दोहरा मृत्युदण्ड






**मुरैना।** सबलगढ़ थाना क्षेत्र के खिरकारी गांव में फरवरी 2021 में एक 4 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने के मामले में विशेष न्यायालय पोक्सो एक्ट द्वारा आरोपी को दोहरे मृत्यु दंड की सजा शनिवार को सुनाई है। विदित हो कि मुरैना जिले में पोक्सो एक्ट में मृत्युदंड की सजा का यह पहला मामला सामने आया है। सबलगढ के अपराध क्रमांक 54/21 धारा 363, 376(ए)(बी) एवं 302 भादवि, 5/6 पोक्सो एक्ट तथा 3(1)(डब्ल्यू.), 3(2)(अ) एस.सी./एस.टी. एक्ट के मामले में अभियुक्त बंटी उर्फ विश्राम रजक उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम खिरकारी थाना सबलगढ जिला मुरैना को दोहरे मृत्युदण्ड के दण्ड से विशेष न्यायालय पोक्सो एक्ट श्रीमती शिप्रा पटेल के न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया।

संभागीय जनसंपर्क अधिकारी चंबल संभाग इंद्रेश कुमार प्रधान ने जानकारी देते हुये बताया कि मामले में फरियादिया ने 4 फरवरी 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब वह शाम के समय अपने घर पर काम कर रही थी, तब उसकी नातिन उम्र लगभग 04 वर्ष अन्य नाती एवं नातिन के साथ बाहर खेल रही थी, अंधेरा होने पर जब फरियादिया ने बच्चों को अंदर आने के लिये कहा तो 4 वर्ष की मासूम बच्ची को छोड़कर सभी नाती व नातिन घर आ गये, तलाश करने पर पता चला कि आरोपी बंटी उर्फ विश्राम रजक बच्ची को अपने साथ ले गया है। आरोपी को ढूंढने पर वह नहीं मिला, फिर वह रतिराम के खेत में से सरसों में से निकलते हुये दिखाई दिया और फरियादिया को देखकर भाग गया। तलाश करने पर मासूम बच्ची नग्न अवस्था में लहूलुहान खेत में पडी मिली, उसके गुप्तांग से खून आ रहा था, गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। फरियादिया की रिपोर्ट पर पुलिस थाना सबलगढ द्वारा अपराध दर्ज कर आवश्यक विवेचना पश्चात् अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रकरण जघन्य एवं सनसनीखेज के रूप में चिन्हित किया गया था। प्रकरण संचालक लोक अभियोजन अन्वेष मंगलम के सतत मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय पर पदस्थ प्रभारी उप-संचालक मुरैना आर.एल. छापरिया द्वारा गहन अध्ययन एवं समीक्षा निरंतर की जा रही थी। प्रकरण में मृतिका बच्ची के जप्तशुदा प्रदर्शों का अभियुक्त से लिये गये रक्त नमूना का मिलान एफ.एस.एल. सागर से कराये जाने पर जांच रिपोर्ट सकारात्मक प्राप्त हुई। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अति. जिला लोक अभियोजन अधिकारी/विशेष लोक अभियोजक श्रीमती प्रतिभा उमरैया एवं वरिष्ठ ए.डी.पी.ओ इंद्रेश कुमार प्रधान द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष प्रभावी अभियोजन संचालन करते हुये साक्ष्य एवं तर्क प्रस्तुत किये जिनपर विश्वास कर माननीय विशेष न्यायालय पोक्सो एक्ट द्वारा अभियुक्त को उसके द्वारा कारित घृणित अपराध के लिये दोहरे मृत्युदण्ड से एवं कुल 10,000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। माननीय विशेष न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुये प्रकरण को विरल से विरलतम कोटि का मानते हुये टिप्पणी की है कि अबोध बालिका के साथ किये गये क्रूर, पैशाचिक कृत्य के लिये यदि अभियुक्त को कठोरतम दण्ड से दण्डित नहीं किया गया तो यह सामाजिक व न्याय व्यवस्था के साथ न्याय नहीं होगा।

## 5 हजार का इनामी 1 वर्ष बाद पकड़ा



**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने बलात्कार के मामले में 1 वर्ष से फरार चल रहे पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में फेरारी बदमाशों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सिविल लाइन थाना पुलिस ने शनिवार को बलात्कार के मामले में 1 वर्ष में फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी रामप्रकाश पुत्र विजय सिंह गुर्जर निवासी मेवदा को उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## विकलांग विवाह समारोह के लिए सीईओ से की चर्चा



**मुरैना।** जनपद पंचायत जौरा में आगामी माह में आयोजित विकलांग विवाह समारोह करना प्रस्तावित हैं। इस संबंध में सीईओ गिर्राज शर्मा के साथ बैठक कर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी हेमंत सिंह कुशवाह व साथ में जनपद पंचायत पीसीओ रामसनेही किरार, जो भी विकलांग साथी गण शादी करना चाहते हैं। वह सीधे तौर पर शीघ्रता शीघ्र जनपद पंचायत जौरा के पीसीओ रामसनेही किरार के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

## नेशनल लोक अदालत में हुआ अनेकों प्रकरणें का निराकरण

**मुरैना।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजाराम भारतीय के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय मुरैना, तहसील मुख्यालय अम्बाह, जौरा और सबलगढ़ में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री शरत चन्द्र सक्सेना ने बताया है कि नेशनल लोक अदालत में जिला एवं तहसील मुख्यालयों पर कुल 40 खण्डपीठों का गठन किया, जिनमें राजीनामा योग्य न्यायालयों में लंबित फौजदारी, एनआई एक्ट, एमएसीटी, विद्युत, वैवाहिक, दीवानी, क्लेम, एनआई एक्ट आदि एवं प्रिलिटिगेशन बैंक, विद्युत, नगर पालिका निगम आदि प्रकरणों का राजीनामा के आधार पर निराकरण किया गया।

## ग्राम बिरहरूआ में सोकपिट गड्डे बनने से बीमारियों से मिली निजात




**मुरैना।** अम्बाह विकासखण्ड के ग्राम बिरहरूआ में पानी की निकासी न होने के कारण मच्छर, मक्खियों के प्रकोप बड़ा हुआ था। इस कारण आये दिन लोग बीमारियों से ग्रहसित थे, किन्तु सरपंच और सचिव की सूझ-बूझ से आज ग्राम बिरहरूआ में सोकपिट गड्डे बनने के कारण पूरे गांव को बीमारियों से निजात मिल चुकी है।

अम्बाह विकासखण्ड से 20 किलोमीटर दूर गांव बिरहरूआ बसा हुआ है, इस गांव में दूर-दूर पर घर बने हुये है, किन्तु गांव की नालियों के पानी का निकास ठीक नहीं होने से इस गांव में आये दिन लोग बीमार बने रहते थे। इसके लिये पूर्व के सरपंच और सचिव ने बहुत प्रयास किये कि गांव से नालियों का गंदा पानी बाहर निकल सके तो विभिन्न प्रकार की बीमारियों से निजात मिल सकती है। किन्तु आसपास खेती होने के कारण गंदा पानी बाहर निकालना संभव नहीं हो पा रहा था। इस कारण लगातार बिरहरूआ गांव में बीमारियों पैर पसारे हुए थीं। जनपद पंचायत अम्बाह की सीईओ सुमन चक चौहान के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती मीरा और सचिव मंगल छारी के द्वारा प्रत्येक हेण्डपंप पर सोकपिट गड्डे बनाने का निर्णय लिया और कुछ समय बाद सभी हेण्डपंपों पर सोकपिट गड्डे बनवाये गये, जो हेण्डपंप एवं नालियों से निकलने वाला गंदा पानी सोकपिट गड्डो में समायाजित होने लगा। धीरे-धीरे गांव के गली, रास्ते साफ दिखने लगे है। अब मच्छरों का भी प्रकोप कम होने लगा है। अब गांव में बीमारियां भी कम नहीं लगी है। तब ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सोकपिट गड्डे बनाये गये। यह हम ग्रामीणों के लिये एक उदाहरण है कि ग्राम बिरहरूआ में किसी भी प्रकार की बीमारियों अब जन्म नहीं ले रहीं है।

## दिमनी, जौरा एवं सुमावली में होगाा विधाराक कप का आरोजन

**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग मुरैना के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक कप प्रतियोगिता का आयोजन विधायक कप दिमनी 27 से 29 मार्च में बालक एवं बालिका वर्ग में बॉलीवॉल प्रतियोगिता स्थल खड़ियाहार एवं विधायक कप प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन के लिये विधायक कार्यालय बड़ागाँव एवं आयोजन प्रभारी खेल और युवा कल्याण विभाग श्याम सिंह सिकरवार से सम्पर्क कर प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। जौरा विधायक कप 20 से 25 मार्च बालक वर्ग में बॉलीवॉल एवं बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता स्थल अगरौता एवं विधायक कप प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु विधायक कार्यालय जौरा एवं कैलारस, पहाड़गढ़ एवं आयोजन प्रभारी खेल और युवा कल्याण विभाग कु. सोनल बंसल से सम्पर्क कर प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार सुमावली विधायक कप 30 से 31 मार्च बालक एवं बालिका वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता स्थल शा.उ.मा. विद्यालय सुमावली एवं विधायक कप प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु विधायक कार्यालय न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, मुरैना एवं आयोजन प्रभारी खेल और युवा कल्याण विभाग कु. मोनू गुप्ता से सम्पर्क करें। पंजीयन हेतु किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। रजिस्ट्रेशन हेतु पंजीयन फॉर्म निःशुल्क है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आयु का बंधन नहीं हैं। किसी भी आयु वर्ग के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते है। विधायक का प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विधानसभा क्षेत्र का निवासरत् होना अति आवश्यक है। इस संबंध में स्वयं का फोटो आई.डी. से संबंधित वोटर कार्ड, आधार कार्ड, राशनकार्ड आदि दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। विधानसभा क्षेत्र जौरा, दिमनी, सुमावली में निवासरत् इच्छुक खिलाड़ियों से अनुरोध है कि वे शासन की महत्वकांक्षी योजना विधायक कप प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना से लाभान्वित होवें।




## 70 से ज्यादा गांव में पहुंची चंबल बचाओ बाईक जत्था यात्रा

### -14 मार्च को भिंड, मुरैना, श्योपुर कलां के 6 एसडीएम कार्यालयों पर प्रदर्शन कर दिए जाएंगे मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**सबलगढ़।** चंबल बचाओ बाइक जत्था यात्रा जो कल 5 स्थानों से शुरू हुई है। उसने डेढ़ दिन में 70 से ज्यादा गांव में किसानों के बीच संपर्क बनाया है। विभिन्न गांव में सभाओं के जरिए किसानों तक चंबल बचाओ आंदोलन के संदेश को पहुंचाया है। यह यात्रा अटेर से अंबाह से जोरा सबलगढ़ और श्योपुर कलां क्षेत्र से शुरू हुई है। अंबाह की यात्रा आज शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की समाधि पर पहुंची और बिस्मिल की शहादत को नमन करते हुए चंबल को बचाने का संकल्प लिया। इन विभिन्न यात्राओं में शामिल मध्य प्रदेश किसान सभा के नेता गणों ने अखिलेश यादव प्रदेश सचिव, महेश प्रजापति, बीरबल चैन, अशोक तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष, मुरारी लाल धाकड़ जिला महासचिव, आदिराम आर्य पूर्व पार्षद, इब्राहिम शाह पूर्व पार्षद, विशाल जाटव, गयाराम सिंह धाकड़ वरिष्ठ किसान नेता, नरहरी शर्मा, हंसराज शर्मा, पीएम माहौर, राजीव दीक्षित, सुभाष शर्मा, सुरेंद्र सिंह तोमर, श्रीनिवास श्रीवास आदि नेतागण कर रहे हैं। नेता गणों ने जत्थे के दौरान हुई सभाओं में कहा कि अटल प्रोग्रेस वे के नाम पर चंबल के बीहड़ की बेशकीमती जमीन को कॉर्पोरेट कंपनियों को सौंपने की सरकार की योजना है, जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता में भाग लेकर जीतें पुरस्कार

### प्रविष्टियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च, 5 श्रेणियों में होगी प्रतियोगिता

**मुरैना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पहली राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता का आयोजन ''मेरा वोट, मेरा भविष्य है-ताकत एक वोट की'' विषय पर किया गया है। आयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के अवसर पर रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से हर वोट के महत्व को समझाने के लिए उक्त राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। यह प्रतियोगिता स्वीप व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के अंतर्गत सभी आयु समूहों के लिए आयोजित की गई है। इसमें 5 प्रकार की प्रतियोगितायें आयोजित होंगी। प्रविष्टियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2022 है। प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को अपना पंजीयन आयोग की वेबसाइट पर करना होगा। इसकी लिंक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र की वेबसाइट एवं विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी उपलब्ध है। प्रतिभागी को अपनी प्रविष्टि आयोग की ईमेल आईडी पर भेजना होगी।

राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की 5 श्रेणियां हैं, उनमें प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन- स्लोगन, गीत, वीडियो निर्माण और पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता शामिल हैं। ये प्रतियोगितायें शौकिया, पेशेवर और संस्थागत वर्ग में होंगी। प्रतिभागियों के लिए वीडियो निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अधिकतम 2 लाख रूपये, गीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अधिकतम एक लाख रूपये, पोस्टर डिजाइन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अधिकतम 20 हजार रूपये और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ई-प्रमाण पत्र, निर्वाचन आयोग मर्चेंडाइज और बैज दिये जायेंगे। इन्हें निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया पर प्रदर्शित किया जायेगा। प्रतियोगिता के तीनों स्तरों संस्थागत, पेशेवर एवं शौकिया के पूरे होने पर सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। विस्तृत जानकारी के लिए पर लॉगिन करें।

## बटेश्वर मंदिर प्रांगण में ''हृदय दृश्यम'' समारोह 14 को



**मुरैना।** पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन के समन्वय एवं सहयोग से आगामी 14 मार्च 2022 की संध्या 6.30 बजे से ''हृदय दृश्यम'' समारोह का आयोजन बटेश्वर मंदिर प्रांगण मुरैना में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने बताया कि शासकीय ललितकला महाविद्यालय ग्वालियर के छात्रों एवं अन्य कला विशेषज्ञों द्वारा चित्रकला शिविर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में स्पेनिश फोक सुश्री अल्मुडेना लोंगर्स और सरोद तबला वादन अमान अली बंगस द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम किये जायेंगे। कलेक्टर ने समारोह में प्रतिभागी कलाकारों का मानदेय, आवास, भोजन एवं परिवहन के साथ-साथ प्रचार-प्रसार की व्यवस्थायें संबंधित विभागों को सौंपी है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था व समन्वय, पेयजल, साफ-सफाई तथा आयोजन के लिये आवश्यक सभी सैद्धांतिक, जनरेटर उपलब्धता पुरातत्व सर्वेक्षण से अनुमति की कार्यवाही आदि के उत्तरदायित्व सौंपे है। विशेष रूप से समारोह में विशेष अतिथियों के रूप में गरिमापूर्ण उपस्थिति के लिये मंत्री, विधायकों तथा गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में सादर आमंत्रित करने का अनुरोध किया है।

# गौतस्करों पर भाजयुमो की मदद से पुलिस की कार्रवाई

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** लांजी क्षेत्र मे विगत कई दिनो सें गौवंश तस्करी के मामले सामने आ रहे है, जंहा लगातार पुलिस के द्वारा गौवंश तस्करो के विरूद्ध कार्यवाही भी की गई है लेकिन गौवंश तस्करो के हौसले काफी बुलंद दिखाई देते है अनेको पाबंदियो के बावजुद भी गौवंश की तस्करी करते नजर आ रहे लेकिन इनके इस मंसूबो पर हमेशा से पानी फिरते दिखाई दिया है, 12 मार्च को भी भाजयुमो एवं सादर मित्र मण्डल के पदाधिकारियो के द्वारा लांजी पुलिस की मदद से लगभग 80 गौवंश को कत्लखाने जाने से बचाया है। इस संबध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारियो को सूचना मिली की लांजी अन्तर्गत ग्राम काशीटोला के बगदेही जंगल से लगभग 200 गौवंश की तस्करी की जा रही है, सूचना पर भाजयुमो एवं सादर मित्र



मण्डल लांजी के पदाधिकारी जिनमे भाजयुमो जिला मंत्री गौरव बैस, मण्डल अध्यक्ष नवीन रामटेक्कर, राकेश रामटेक्कर, दिनेश पुरी गोस्वामी, मनीष रणदिवे, सतीश कावडे, अंकित नगपुरे तथा सादर मित्र मण्डल के सदस्यो के द्वारा जंगल में सर्चिंग कर गौवंश को देखा तथा लांजी एसडीओपी एवं थाना प्रभारी को सूचित किया साथ ही आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे जी को भी सूचना दी गई, बतादे कि हमेशा से आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे के द्वारा पुलिस से कहा गया है गौवंश तस्करो के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही की जाये, इनको बक्शा नही जाये, साथ ही श्री कावरे के द्वारा लांजी एसडीओपी से उक्त संबंध मे चर्चा की गई की सभी गौवंश को बचाया जाये एवं आरोपियो के विरूद्ध कडी कार्यवाही करे, जिस पर लांजी एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, थाना प्रभारी शंकर सिंह चौहान, आरक्षक नरेन्द्र सोनवे, आरक्षक राघवेन्द्र ठाकुर, अभिषेक मालवीय, सुनील वर्मा, मयूर, राजेश सहित अन्य पुलिस बल, भाजयुमो कार्यकर्ताओ के साथ मौका स्थल पर पंहुचे एवं लगभग 80 गौवंशो को कत्लखाने जाने से बचाया है, सभी मवेशियो को पुलिस थाना लांजी अभिरक्षा में रखा जाकर, गौशाला भेजा जायेगा।

### गौवंश तस्करी में संदिग्ध एक आरोपी को लिया अभिरक्षा में- एसडीओपी आर्मो

इस संबंध में एसडीओपी दुर्गेश आर्मो ने कहा कि लगभग 2 बजे के आसपास सूचना प्राप्त हुई की ग्राम बगदई में लोगों ने 50 60 मवेशियों को कत्लखाने ले जाने के उद्देश्य से बांधकर रखे हुए है। जिसके बाद थाना प्रभारी को टीम गठित कर भेजा, जिसमें गौ रक्षा समिति भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्य गण सहयोग किया। जिसमें गाय और भैंस दोनों ही मवेशी हमने जप्त किए हैं। और अग्रिम कार्रवाई करेंगे। इस दौरान एक व्यक्ति को मौके स्थल से पकड़े हैं जो मवेशियों को भगाने का प्रयास कर रहा था उसको अभिरक्षा में रखे हैं। अभी अभिरक्षा में रखे व्यक्ति से पूछताछ करेंगे और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंगापुर सिटी रात्रि में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से हुई दो महिलाओं को मौत



**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** माली (सैनी) समाज जिलाध्यक्ष श्री सीएल सैनी जी ने राजकीय अस्पताल पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी ली और पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया सर्व समाज के लोगो के साथ सभी घायलों को जयपुर रेफर करवाया एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता करके पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद करने करने की मांग की।

### सवाई माधोपुर माली समाज सीएल सैनी जिलाध्यक्ष ने एम.जे.एफ. पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय, पंच मुखी बालाजी पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की



**जितेंद्र सिंह ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** इस अवसर पर सी एल सैनी ने कहा आज के जमाने में ऊपर उठने का एकमात्र रास्ता है बिजनेस अगर बच्चों को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं तो मजदूरी करके हम अच्छी उच्च स्तरीय शिक्षा नहीं दिला सकते हमें बिजनेस करने की आवश्यकता है चाहे बिजनेस छोटा हो या बड़ा कोई मायने नहीं रखता एक ठेले पर बिजनेस करने वाला बी रोज ?1000 का लेकर जाता है इसलिए आप सभी लोग मजदूरी के साथ-साथ बिजनेस में भी ध्यान लगाएं इस मौके पर श्री मोहनलाल ठेकेदार तहसील अध्यक्ष, श्री रामसहाय जिला परिषद सदस्य, श्री रामजीलाल गुर्जर अध्यापक, श्री मिट्ठू सिंह जी पार्षद,बलराम जी अध्यापक, अमरसिंह अध्यापक, गोविंद अध्यापक, श्री घनश्याम जी खाद बीज वाले, श्री रामस्वरूप ,श्री घनश्याम जी सेवानिवृत कर्मचारी, श्री प्यारी मेंबर जी,श्री लड्डू राम जी अध्यापक, सेटी गहलोत जी,टिंकू जी चौकी, भरतलाल जी हबीबपुर, रिंकू जाट बड़ौदा आदि कई साथी एवम् समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## स्वच्छता अभियान की खुलेआम दिनदहाड़े उड़ाई जा रही धज्जियां

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

पन्ना- स्वच्छता अभियान की खुलेआम दिनदहाड़े उड़ाई जा रही धज्जियां ओडीएफ होने के बाद भी खुले में शौच के लिए जाते हैं लोग धर्म सागर तालाब मैं और यहीं पर लोग नहाने धोने भी आते हैं कुछ सालों पहले एक अभियान चलाकर जिसमें सभी राजनैतिक आम जनता यहां तक कि किन्नर ने भी इस तालाब के गहरीकरण खुदाई में योगदान दिया पैसा दिया जबकि नगर पालिका के द्वारा सामुदायिक शौचालय भी यहां पर बना हुआ है मंदिर भी है शंकर जी का लोग यहां पर शाम के वक्त घूमने भी आते हैं और बैठते भी हैं महिला शौचालय और पुरुष शौचालय शोपीस बनकर रह गए हैं उन पर ताला लटका हुआ है ना ही कोई यहां पर कर्मचारी तैनात है नगरपालिका से और ना ही कोई व्यवस्था है यहां पर घूमने वालों को अगर किसी महिला को टॉयलेट लगती है तो वह कहां जाएगी सोचने वाली बात है एक तरफ तो मोदी जी के कहते हैं कि हमें अपना देश प्रदेश अपना घर गांव सभी को साफ रखना है स्वच्छ बनाना है गंदगी ना हो ताकि हमारा शरीर स्वस्थ रह सके गंदी के कारण लोग बीमार पड़ जाते हैं और वातावरण भी दूषित होता है पर यहां पर अंधेर नगरी चौपट राज



जैसा हाल मचा हुआ है कोई नहीं देखने वाला ना सुनने वाला सामुदायिक शौचालय शोपीस बनकर रह गया है आम जनता प्रसाधन के लिए यहां वहां भटकती है।

## दिनारा थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दिनारा थाना परिसर में शुक्रवार शाम को शांति समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक थाना प्रभारी संतोष भार्गव ने। बैठक में समिति के लोगों को मुख्य रूप से होली त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर



विचार-विर्मश किया गया। संतोष भार्गव ने कहा कि होली का रंगों का त्योहार है, इसे हर्षोल्लास एवं भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा आपको कोई भी किसी भी समस्या किसी भी विभाग की तो मुझे अवगत कराएं मैं तुरंत समस्या का निराकरण करूंगा और करवाऊंगा पुलिस आपके लिए हमेशा तत्पर है आप मुझे मेरे नंबर पर किसी भी समय फोन लगा सकते हैं किसी भी अप्रिय घटना घटित एक्सीडेंट के लिए। पुलिस पब्लिक से समन्वय स्थपित करे ताकि लोग पुलिस पर भरोसा कर सकें। मौके पुलिस स्टॉप पत्रकार गण जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## गुंदोज बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह, ईनाम पाकर बालिकाओं के खिले चेहरे

### गुंदोज बालिका विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर बालिकाओं ने शानदार प्रस्तुति, झलकी राजस्थानी

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**राजस्थान ।** पाली निकटवर्ती गुंदोज के राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन समाजसेवी वेनाराम परमार चांगवा व संस्था प्रधान पूर्णिमा मेवाड़ा तथा पंचायत समिति सदस्य प्रीति मेघवाल के मुख्य आतिथ्य में बड़े धूमधाम के साथ आयोजित हूआ।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया। समारोह में अतिथियो का माला व साफा द्वारा बहुमान किया गया। समाजसेवी वेनाराम चांगवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां की बालिकाओं को जीवन में अनुशासन का कंडा महत्व है ,बालिकाओं के लिए सफलता की सीढ़ी है, इसलिए बालिकाओं









को अनुशासन के साथ अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा दी ।

पंचायत समिति सदस्य प्रीति मेघवाल ने कहा आज के युग में पुरुषों के बराबर महिलाएं भी कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही है इसलिए बालिकाओं को शिक्षित होकर आगे बढ़ने के बारे में कहा। संस्था प्रधान मेवाड़ा ने अतिथियों व ग्रामीणों का आभार जताते हुए विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया।समारोह में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाली छात्राओं को मोमेंटो व ईनाम देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भामाशाह कुंदनसिंह ने वाटर कूलर, पानी की टंकी, नल फिटिंग करवाने की घोषणा की।

## पुलिस ने 70 ग्राम स्मैक कीमती 7 लाख के साथ दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह ब्यूरो,पुष्पांजली टुडे**

**शिवपुरी**–पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में शिवपुरी जिले में नशीले मादक पदार्थ रखने वाले एवं उसका परिवहन करने वाले लोगों के खिलाफ किल ड्रग्स अभियान चलाया गया है, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा सभी थाना प्रभारियों को इस दिशा में कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं जिसके तारतम्य में थाना देहात द्वारा कार्यवाही करते हुए 2 स्मैक तस्करों को 70 ग्राम स्मैक कीमत करीबन 7 लाख रुपए व एक मोटर सायकल के साथ दबोचा गया।





थाना प्रभारी देहात विकास यादव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो लोग एक मोटर सायकल पर गुना तरफ से स्मैक लेकर शिवपुरी मे खपाने वायपास होते हुये आ रहे है। उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी देहात द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया जिस पर से पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम तैयार कर मुखबिर के बताए स्थान गुना नाका से आईटीआई चौराहा पर पहुंचकर वाहन चैकिंग शुरु की गई, चैकिंग के दौरान मुखबिर के बतायेनुशार एक मोटर सायकल आती दिखी जिसे रोका तो उसमे दो व्यक्ति बैठे मिले, जिनकी विधिवत तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 70 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक कीमत 7 लाख रुपए की विधिवत जप्त की गई, बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी देहात निरी. विकास यादव, उनि. अशोक जोसी, सउनि. वी.एस. जादौन, प्रआर. विनय कुमार, हरिकृष्ण, आर. भरत मीणा, गजेन्द्र, दिनेश कुमार, चालक सुनील जाट, की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।



## आम आदमी पार्टी ने पंजाब में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने के उपलक्ष में निकाली तिरंगा यात्रा।

**सोनू कुमार माथुर,पुष्पांजली टुडे**

**एटा।** जनपद एटा में आम आदमी पार्टी ने पंजाब में प्रचंड बहुमत से जीत के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा निकाल कर जश्न मनाया। यह तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर कचहरी रोड, ठंडी सड़क ,मेहता पार्क, घंटाघर होती हुई हाथी गेट स्थित सुभाष मूर्ति तक गई वहां पहुंचकर जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा ने सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति का माल्यार्पण किया। इस तिरंगा यात्रा में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में अपार ऊर्जा तथा जोश देखने को मिला। पूरी तिरंगा यात्रा में देशभक्ति के गाने, तराने और देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए जा रहे थे। पूरी तिरंगा यात्रा के दौरान एटा के आआम जनमानस में भी आम आदमी पार्टी को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ और वे भी आम आदमी पार्टी के देश भक्ति के गानों पर थिरकने तथा देशभक्ति के नारे लगाने लगे। तिरंगा यात्रा में सुरेश कुमार वर्मा( जिला अध्यक्ष) महिपाल सिंह, राजकुमारी यादव (जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ) सहित हजारों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर अंबाह के एटीएम का नहीं है कोई रखवाला



**गणेश शंकर राजोरिया रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**अंबाह ।** नगर के एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था की हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है अंबाह नगर के एटीएम पर न तो कोई सुरक्षा गार्ड है न ही सही रूप से काम करने वाले सीसीटीवी कैमरे जबकि एटीएम मैं चोरी की घटनाएं हो रही है इसके बाद भी बैंक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता नही दिखा रहा है ऐसे मैं घटना होने पर किसकी जवाबदेही होगी चाहे दिन हो या रात लोगों को पैसे निकालने के लिए एटीएम जाना पड़ता है लेकिन बैंक के एटीएम में अंदर और बाहर काफी भीड़ हो जाती है तथा गार्ड न होने से धोखाधडी करने वाले लोग सफल हो जाते है यदि सुरक्षा गार्ड की तैनाती हो जाती है तो काफी हद तक सुरक्षा बढ़ेगी और धोखाधड़ी,चोरी की घटनाओं में कमी आयेगी लेकिन बैंक प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है पूर्व में हुई एटीएम लूट की घटनाओं से बैंक प्रशासन कोई सबक नहीं ले रहा है पुलिस प्रशासन द्वारा भी बैंकों को समय समय पर आगाह किया जाता है ।

## श्रीमद्भागवत कथा सम्पूर्ण होने पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन।

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर चम्बल संभाग**

**भिण्ड।** शहर के पास स्थित अटेर क्षेत्र के ग्राम लावन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पूर्ण होने पर विशाल भंडार का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 12000 लोगों ने प्रसादी ग्रहण की यहाँ आपको बता दें कि कथा का आरंभ 4 मार्च से किया गया था जो 10 मार्च तक चली तथा 11 मार्च को कथा स्थल पर भंडारे का आयोजन हुआ।कथा वाचक पं. श्री रामनिवास जी ने लोगों से बड़े ही अनुरोध से कहा कि जो भी भक्तगण कथा का रसपान करने आये हैं वो सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भंडारे का प्रसाद अवश्य ग्रहण करें।कथा का आयोजन पारीक्षत महादेवी पत्नी राजाराम सुरवारिया ने करवाया था।इनमें मुख्य रूप से उनके परिवार जनों रामचंद्र सुरवारिया, शिवकुमार, जयकिशोर, जयनारायण, जनवेद, राजेश ,ऋषिकांत, योगेंद्र, नागेंद्र, मृदुल, प्रियांशू,शम्भवी,यजुर,आर्यान्श,मान्या तथा जिले के कई नेता व पत्रकारगण आदि सम्मिलित रहे।

## शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में पोहरी जनपद शिक्षा केंद्र पर शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय टिएलम मेला आयोजित किया गया

**अरूण खंगार पोहरी रिपोर्टर पुष्पांजली टुडे**

**पोहरी,** शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन पोहरी जनपद शिक्षा केंद्र पर शुक्रवार को विकासखंड स्तरीय टीएलएम मेला अयोजित किया गया यह मेला डिप्टी कलेक्टर व डीपीसी शिवांगी अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा एसडीएम पोहरी राजन वी नाडिया के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर किया गया इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मोतीलाल खगांर विकास खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे सेवानिवृत्त शिक्षक कप्तान सिंह यादव रामनिवास भार्गव एवं प्रयागी लाल लाल वर्मा उपस्थित रहे बीआरसी अंचल सिंह कुशवाह एवं बीसीसी की निगरानी में संपन्न हुआ भंवर सिंह धाकड़ सीएसी जसराम वर्मा हीरा लाल वर्मा बीएसी मांगीलाल वर्मा शिवदयाल शर्मा एवं शिक्षक गण उपस्थित रहे इस अवसर पर विकास खंड 10 जन शिक्षा केंद्र के शिक्षक द्वारा हिंदी गणित एव विज्ञान के द्वारा टीएलएम बनाए गए इनमें से प्रत्येक विषय की प्रथम वा द्वितीय तृतीय को प्रमाण पत्र दिये गये प्रत्येक स्थल पर जाकर मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वारा स्टॉल पर रखी टी एल एम का अवलोकन किया गया टीएलएम देखने के उपरांत एसडीएम नाडिया जी ने शिक्षकों की काफी प्रशंसा




की और कहां की आप लोग इतनी मेहनत स्कूल बच्चों के साथ भी करें जिससे अपके स्कूल देश वा प्रदेश में नाम रोशन हो सके एसडीएम जी द्वारा शिक्षाक उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें बधाई दी गई कार्यक्रम का संचालन वीसीसी भरत धाकड द्वारा किया गया।

## भिण्ड पुलिस की अब तक कि सबसे बड़ी कार्यवाही



### पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में गोरमी पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** गोरमी पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 34 बाइकें बरामद की हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी की अन्य बाइक बरामद करने का प्रयास कर रही है। गोरमी थाना प्रभारी सुरेश शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है शहर से बाइक चोरी करने का कारोबार काफी दिनों से अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था तभी पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी, पर मुखबिर की सटीक सूचना पर उसे गोरमी से ही गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की गई तो उसने 34 बाइके जिसमें टीवीएस, अपाचे,हीरो होण्डा, आदि जप्त की है पुलिस चोरो से ओर बारीकी से पूछताछ कर रही है चोरो से और भी बाइकें बरामद होने की संभावना है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च 2022 को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव ।** जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिंड के मार्गदर्शन में एवम श्री अशोक गुप्ता जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव जिला भिंड मध्य प्रदेश कि द्वारा न्यायिक तहसील मेहगांव में भी 12 मार्च 2022 को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10 30 बजे किया गया ।

उक्त नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ माननीय श्री अशोक गुप्ता जिला न्यायाधीश द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवम दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत का शुभारंभ किया। इसी क्रम में श्री राकेश कुशवाह जे एम एफ सी मेहगांव सुश्री कल्पना कोतवाल जे एम एफ सी मेहगांव सुश्री दीक्षा अग्रवाल जेएमएफसी मेहगांव श्री मुकेश कोरी एवम अध्यक्ष अभिभाषक संघ श्री ओमप्रकाश सेंथिया श्री सुरेश चंद शर्मा अधिवक्ता श्री रामनिवास भदौरिया अधिवक्ता श्री दिलीप चौधरी सह सचिव श्री अजमेर सिंह नरवरिया श्री देवेश शुक्ला श्री पंकज सेतिया अधिवक्ता अन्य समस्त सम्माननीय अधिवक्तागण एवम समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगण द्वारा मां सरस्वती पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। उक्त आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से मेहगांव में गठित खंडपीठ क्रमांक 22,23,24,25,26 श्री अशोक कुमार गुप्ता अपर जिला न्यायाधीश मेहगांव , एवम न्यायाधीशगण श्री राकेश कुमार कुशवाह सुश्री कल्पना कोतवाल जे एम एफ सी मेहगांव, सुश्री दीक्षा अग्रवाल जेएमएफसी मेहगांव, श्री मुकेश कोरी जे एम एफ सी मेहगांव द्वारा जिसमें से 118 न्यायिक प्रकरण एवम प्रिलिटिगेशन प्रकरण 43 निराकृत किए गए। समस्त पक्षकारों को छायादार एवम फलदार पेड़ वितरित किए गए।

## प्राचार्य नहीं तो कालेज के वरिष्ठ अध्यापक को मिलेगी कमान

**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग ने कालेजों में रिक्त पड़े प्राचार्यों के पद को शीघ्र भरने के निर्देश दिए है। इस संबंध में क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालकों को निर्देश दिया गया है कि वे जिन कालेजों में प्राचार्य के पद रिक्त है वहां वरिष्ठतम अध्यापक अथवा सहायक अध्यापक को यह जिम्मेदारी सौंपे। इस संबंध में उप सचिव संघ मित्रा गौतम ने आदेश जारी किया है। विभाग के अनुसार यदि उक्त कालेज में वरिष्ठतम प्राध्यापक अथवा सहायक प्राध्यापक नहीं पदस्थ है तो उनकी जगह उस क्षेत्र के नजदीकी कालेज के वरिष्ठतम प्राध्यापक अथवा सहायक प्राध्यापक को यह जिम्मेदारी अतिरिक्त संचालक के द्वारा दी जानी है। यदि इसके बावजूद उक्त योग्यता वाले प्राध्यापक कालेजों में पदस्थ नहीं है तो क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा को इस संबंध में संपूर्ण जानकारी के साथ प्रकरण को सीधे आयुक्त उच्च शिक्षा के पास भेजा जाना है। जिसके पश्चात आयुक्त उच्च शिक्षा ही ऐसे मामलों में अंतिम निर्णय करेंगे। विभाग ने साफ किया है कि शासन स्तर पर किसी भी समय प्राचार्य के पदभार देने की कार्रवाई की जा सकेगी। ज्ञात हो कि पदोन्नति लंबित होने की वजह से अधिकांश सरकारी कालेजों में प्राचार्य के पद रिक्त है। स्नातक और स्नातकोत्तर कालेजों में निर्धारित आर्हता नहीं होने के कारण जिम्मेदारी नहीं दी जा रही है ऐसे में विभाग ने आदेश जारी कर सभी स्थिति को साफ किया है। प्रभारी होने के कारण प्रशासनिक निर्णय लेने में परेशानी आ रही है जिस वजह से अकादमिक कामकाज प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों को यह जिम्मेदारी देने पर कई जगह से वरिष्ठता की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया जाता है।

## परमात्मा एक का सेवक सम्मेलन व मानव मंदिर भवन में सामुहिक हवन कार्य संपन्न

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** जिले में परमात्मा एक सेवक समिति मंडल लांजी के तत्वावधान में भगवान बाबा हनुमान के सेवक-सेविकाओं द्वारा 12 मार्च को मानव मंदिर दुलापुर में मानव धर्म के संस्थापक महानत्यागी बाबा जुमदेवजी एवं भगवान बाबा हनुमानजी की कृपा से मानव जागृति, अंधश्रद्धा, बुरीभावना, बुरे विचार, बुरे व्यसनों का नाश करने एवं भगवन प्राप्ति कर देनेवाले तत्व शब्द का पालन बताने वाले दीन-दुखी मानव को मानवता का मार्ग दिखाये, इसी को लेकर सामुहिक हवन एवं सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के तहत प्रात 8 बजे से 9 बजे तक मानव मंदिर भवन में सामुहिक हवन कार्य संपन्न कराया गया। इसके उपरान्त प्रात 10 बजे से प्रमुख मार्गदर्शक हिम्मत किरमें के निवास सुन्दरटोला से बाबा हनुमानजी एवं बाबा जुमदेवजी की प्रतिमाओं को रथ में रखकर बैंड बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं क्षेत्र के ग्रामों से आये परमात्मा एक सेवक समितियों के सवेक सेविकाएं अपने हाथों में बेनर लिये विशाल मानव श्रृखला बनाये रैली के रूप में शामिल हुये।

### हजारो की तादाद में आयोजित हुआ मानव मंदिर में कार्यक्रम

परमपूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल लांजी के तत्वावधान में ग्राम दुलापुर स्थित



मानव मंदिर प्रार्थना स्थल, दुलापुर में भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मु?य अतिथि विधायक सुश्री हिना कावरे, पूर्व नगर परिषद लांजी अध्यक्ष मीरानानाजी समरीते, मुकेश जोशी, अजय अवसरे, प्रमोद अग्रवाल, लिखेन्द्र उपराडे, कार्यक्रम के उद्घाटकर परमात्मा एक सेवक मण्डल लांजी के अध्यक्ष एचटी किरमे, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ गोंविंदराव दोनाडकर, संरक्षक चमनलाल सहारे, कमलचंद जामरे अध्यक्ष कार्यकर्ता संघ लांजी। विशेष अतिथि फाल्गुन मानकर गढचिरोली, के आर नखाते गोंदिया, युवराज टेंभरे रायपुर, एआर अगासे बैहर, जेके उपराडे बालाघाट, डॉ पीएल नौखरे, गुनाराम ठाकरे, गनपत पंजरे, दिनेश धुवारे सहित अतिथि गणो की उपस्थिति में मंचासीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम बाबा हनुमान एवं बाबा जुमदेव के छायाचित्र पर उक्त समस्त अतिथियो के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मान्यार्पण किया गया तदोंपरात संगीतमय कार्यक्रम के तहत परमात्मा एक भजन संध्या आर्केस्ट्रा ग्रुप लांजी द्वारा प्रस्तुती दी गई साथ ही मानव जनजागृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## पुलिस की बड़ी कार्यवाही अंतर्राज्यीय सांसी गिरोह का 01 सदस्य गिरफ्तार

**गौरीशंकर कुशवाहा ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**पन्ना ।** आरोपी द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अजयगढ़ स्क्ष्छ बैंक, देवेन्द्रनगर स्क्ष्छ बैंक एवं थाना सिमरिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम करिया में अलग-अलग 03 प्रकरणों में लाखों रूपये एवं सोने चाँदी के जेवरात किये गये थे चोरी आरोपी के कब्जे से 03 लाख 51 हजार 500 रूपये नगद, खाते में फ्रीज राशि 30 हजार सहित सोने चाँदी के जेवरात कीमती करीब 57 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 04 लाख 38 हजार 500 रूपये का जप्त

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही - थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक हरी सिंह ठाकुर द्वारा घटना की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुये अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अजयगढ़ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गठित की गई एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को उक्त पुलिस टीम के साथ मिलकर आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुये पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पतारसी के प्रयास किये गये एवं अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । चोरी किये हुये 50 हजार रूपये मैनें अपनी पत्नी के बैंक खाता में डाल दिये थे बाद में कुछ पैसे खाता से निकालकर अपने साथी को दे दिया था एवं कुछ पैसे खर्च कर दिये हैं , मेरे पास 1500 रूपये बचे हैं । आरोपी के बताये अनुसार पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पत्नी के बैंक खाता की जानकारी मंगाई गई जिसमें 30 हजार रूपये जमा होना पाये जाने पर खाते की राशि को पुलिस टीम द्वारा बैंक से फ्रीज करवाया गया है । पुलिस टीम आरोपी से कड़ाई से पूँछताछ किये जाने पर आरोपी द्वारा बताया गया कि पूर्व में दिनांक 12/07/21 को मैने अपने 02 महिला साथी एवं 01 पुरुष साथी के साथ मिलकर देवेन्द्रनगर स्क्ष्छ बैंक से एक व्यक्ति के बैग की चेन खोलकर उसमें रखे 05 लाख रूपये चोरी किये थे जिसमें मुझे हिस्से में 02 लाख रूपये मिले थे । इसी तरह मैने अपने 03 अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 13/06/21 को ग्राम करिया थाना सिमरिया में एक घर में घुसकर 03 लाख रूपये नगद एवं सोने चाँदी के जेवरात चोरी कर लिये थे । जिसमें मुझे हिस्से में नगद 1 लाख 50 हजार रूपये नगद, 01 सोने का मंगलसूत्र जिसमें 05 लॉकेट लगे थे और दो चाँदी के चूड़ा मिले थे जो मैनें किराये के मकान में अजयगढ़ में छिपाकर रखे हैं । पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार किराये के मकान से 03 लाख 51 हजार 500 रूपये नगद, बैंक खाता में फ्रीज राशि 30 हजार रूपये एवं सोने चाँदी के जेवरात कीमती करीब 57 हजार रूपये कुल मशरूका 04 लाख 38 हजार 500 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है ।






## 2 माह से राशन नहीं मिलने से ग्रामीण परेशान

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**टीकमगढ़।** जिला मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर ग्राम कुंवरपूरा ग्रामीणों को तकरीबन 2 माह से राशन नहीं बांटा गया है ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि राशन की दुकान पर न तो बोर्ड लगा हुआ है और ना ही वह खुलती है पिछले 2 माह से राशन के लिए चक्कर लगा रहे हैं लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया जा रहा है एक और केंद्र की सरकार और प्रदेश की सरकार हितग्राहियों को राशन देने के लिए पुरजोर कोशिश कर रही हैं ताकि इन लोगों को कोई समस्या ना आए और ऐसे में है आवंटन करने वाले पलीता लगा रहे हैं अधिकारियों को कार्रवाई करना चाहिए ताकि ऐसे लोगों को सबक मिले और हितग्राहियों को राशन मिल सके अब देखना यह होगा खबर दिखाए जाने के बाद अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं या फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

## चाचोड़ी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिष्ठित सप्ताह कार्यक्रम का किया आयोजन

**ब्यूरो पुष्पांजली टुडे**

**रानी पाली।** निकटवर्ती रानी उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत चाचोड़ी के ग्राम पंचायत स्तर पर 12 मार्च 2022 को मनरेगा कार्य स्थल चाण्डवेरा नाडा खुदाई कार्य पर ग्राम विकास अधिकारी तेजपाल सिंह के नेतृत्व में ग्राम रोजगार सहायक भगवान लाल बामणिया ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के प्रतिष्ठित सप्ताह कार्यक्रम में महिलाओं को मनरेगा योजना की विस्तृत जानकारी दी । साथ ही श्रमिक कार्ड बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा काम के प्रति रुचि रखकर मनरेगा योजना में 100 दिन पूर्ण करे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान काम के प्रति श्रमिकों को जागरूक किया। जितना काम उतना दाम कैसे मिलता है इसको लेकर विस्तृत जानकारी दी गई ।भगवान लाल बामनिया ने बताया कि नारी शक्ति का रूप हैं।

# आदत बुरी सुधार लो सो हो गया भजन.....

## सांईधाम में संत रमेशभाई ओझा की श्रीमद्भागवत कथा का चौथा दिन





ग्वालियर। सांई भक्त मंडल ट्रस्ट द्वारा फूलबाग में आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सांईधाम गोपीगीत के श्लोकों की दिव्य ध्वनि से तरंगित हो उठा। संत रमेशभाई ओझा ने श्रोताओं से कथा के दौरान बीड़ी,सिगरेट, गुटखा जैसे व्यसनों से मुक्ति का संकल्प लेने का आह्वान किया। जब उन्होंने व्यासपीठ से भजन आदत बुरी सुधार लो, सो हो गया भजन....को स्वर दिया, तो श्रद्धालु श्रोता भी सुर में सुर मिलाकर उनकी बात को शिरोधार्य करने का संकेत देते नजर आए।

उन्होंने अपनी ही कथा का संस्मरण सुनाते हुए कहा कि कथा का मुख्य यजमान हर 15 मिनट बाद उठकर पांडाल से बाहर जाता था। मैंने व्यासपीठ से उनसे पूछा कि ऐसा क्यों करते हो भाई, तो वो तो नहीं बोले पत्नी ने बताया कि बीड़ी पीने जाते हैं। तब मैंने उन्हें व्यासपीठ से ही कहा कि साड़े तीन इंच की बीड़ी इतने भारी भरकम व्यक्ति को हर 15 मिनट में उठा ले जाती है,ये ठीक है क्या। इसके बाद कथा के समापन तक उन्होंने बीड़ी नहीं पी। कथा समापन के बाद हमसे बोले जब पांच दिन दिन में इसके बिना रह लिया तो हमेशा के लिए क्यों नहीं रह सकता हूं और उसके बाद उन्होंने बीड़ी के व्यसन से सदा के लिए मुक्ति पा ली।

### स्वदोषों के दर्शन कर दूर करें......

संतश्री ने कहा कि कथा स्वदोषों के दर्शन के लिए है। कथा में दिखावे के लिए न आए। कथा सुनते वक्त अपने अंतर्मन में झांके और देखे कि कोई दोष तो नहीं हैं और अगर है तो उसे दूर करने का संकल्प लें। आपके भीतर भी यदि कोई व्यसन है तो कथा में संकल्प लेकर बुरी आदत छोड़ दो,लेकिन हम दूसरों के दोष तो दूर करना चाहते हैं लेकिन खुद के दोषों को देखने की चेष्टा नहीं करते हैं। हमें अपनी कमजोरी को ढूंढकर दूर करने की कोशिश करना चाहिए।

### घर में ग्रंथ तो घर मंदिर.....

उन्होंने कहा कि जिन घरों में गीता, रामायण, श्रीमद्भागवत जैसे ग्रंथ मौजूद रहते हैं, वो घर मंदिर हो जाता है, इसलिए हमें इन ग्रंथों को अपने घर में जरूर रखना चाहिए। ये हमारी आगामी पीड़ी को भी संस्कार देंगे, साथ ही बुद्धि के साथ शुद्धि, सुचिता, और विवेक जाग्रत करेंगे। इन ग्रंथों में प्रभु का कथामृत है और गोपीगीत में कहा है कि तुमसे तुम्हारी कथा श्रेष्ठ है।

संत रमेशभाई ने कहा कि भगवान को यदि प्रसन्न करना है तो अच्छे और सच्चे इंसान बनकर ईश्वर से प्रेम करो। भगवान के प्रति प्रेम का नाम ही भक्ति है,साथ ही उन्होंने आगाह किया कि कथा पाडांल में मर्यादा का पालन करें। खासकर सिर्फ फोटो खिंचाने के लिए व्यासपीठ के मंच पर न चड़े। यह ध्यान रहे कि बिना नहाकर पूर्ण शुद्धता होने पर ही व्यासपीठ को नमन करने आएं। मंदिर में जिसप्रकार कुछ भी नहीं खाते,इसी प्रकार कथा पांडाल में भी मर्यादा रहना चाहिए। तीर्थ में दर्शन और दान के साथ सत्संग भी करना चाहिए।

रामचरित मानस की चौपाई बड़े भाग मानस तन पावा चौपाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बड़े ही भाग्य से हमें मानव शरीर मिला है। देवता भी इसे प्राप्त करने के लिए तरसते हैं।

नेताओं पर चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि मनुष्य जरूर पहले वानर रहा होगा। चुनाव आते ही कैसी गुलाटी मारता है इस पार्टी से इस पार्टी में कूद लगाता है, क्योंकि वो विचार की नहीं स्वार्थ की राजनीति करते हैं .मनुष्य का ह्रदय जब तक चंचल रहेगा वो वानर की तरह उछल कूद करता रहेगा। जूलियन हक्सले के मुताबिक वानर से मनुष्य बनने के बाद भी विकास की प्रक्रिया सतत जारी है। तो यह नर से नारायण बनने की प्रक्रिया है। कथा के आश्रम में जाने मात्र से व्यक्ति पूज्य हो जाता है, इसलिए विषय रूपी अंधकूप में जीवन को व्यर्थ गंवाने से अच्छा है मन को प्रभु में लगा लो। हम पानी बिजली व्यर्थ होने की चिंता करते हैं लेकिन जीवन व्यर्थ हो रहा है, इसकी चिंता कौन करेगाड़ बीती हुई आयु वापस नहीं आ सकती है, इसलिए कथा से जुड़े। कथा उपदेश नहीं उपचार है। कथा जीवन का शौक नहीं अनिवार्यता है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं कथा के मुख्यमार्गदर्शक अनूप मिश्रा ने अतिथियों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर जडेरुआ सरकार संत रमेशलाल पूर्वमंत्री रुस्तम सिंह इंदौर विधायत जीतू जिराती, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर, डीआईडी अनिल शर्मा, भाजपा महानगर के सहप्रभारी अरुण चतुर्वेदी, पूर्व विधायक रामबरन सिंह गुर्जर, भिंड जिलाध्यक्ष संजीव कांकर, जयसिंह कुशवाह, केडी सोनकिया, संजय शर्मा, कमल शर्मा, ब्रजेश राजपूत सहित हजारों श्रोताओं ने कथा श्रवण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्तिकर व जलकर जमा करने एवं स्वच्छता महोत्सव में सहभागिता करने वाले सभी शहर वासियों का बहुत आभारः निगमायुक्त

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि संपत्ति कर एवं जल कर जमा करने में जो उत्साह आज शहर वासियों द्वारा दिखाया गया है उसकी सराहना की जानी चाहिए। नागरिकों द्वारा आज लगभग ?5 करोड़ रुपए निगम कोष में संपत्ति कर एवं जल कर के रूप में जमा कराए गए हैं। शहर विकास के लिए यह अच्छी पहल है इसके लिए सभी करदाताओं का बहुत-बहुत आभार। शहर के सभी करदाता इसी प्रकार से विभिन्न कर जमा कर शहर विकास में सक्रिय सहभागिता करें। इसके साथ ही स्वच्छता के क्षेत्र में ग्वालियर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए निगम द्वारा आयोजित किए गए स्वच्छता महोत्सव मे बड़ी संख्या में शहर के नागरिकों ने सहभागिता की तथा शहर के प्रति अपना जज्बा दिखाया जो कि काबिले तारीफ है इसके लिए भी शहर के सभी नागरिकों का बहुत-बहुत आभार। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों शहर वासियों एवं निगम कर्मचारियों का धन्यवाद और सभी से अपेक्षा है कि इसी ऊर्जा के साथ निरंतर शहर की स्वच्छता के लिए कार्य करते रहें।

### कैट का व्यापारिक सम्मेलन एवं होली उत्सव आज 13 मार्च को महावीर भवन कम्पू में

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ग्वालियर का व्यापारिक सम्मेलन एवं होली मिलन समारोह आज रविवार, 13 मार्च को प्रातः 11.00 बजे महावीर भवन कम्पू पर आयोजित किया गया है। कैट के जिला संयोजक दीपक पमनानी, जिला अध्यक्ष रवि गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक विवेक जैन, सह-संयोजक राहुल अग्रवाल ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमन सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन करेंगे। इस अवसर पर कैट मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली जी का हाल ही में भोपाल म.प्र.चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री का अध्यक्ष बनने पर स्वागत एवं अभिनन्दन भी किया जायेगा। कैट के महामंत्री मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष जे.सी.गोयल, सचिव मयूर गर्ग ने बताया कि वर्तमान में जिन व्यापारिक, औद्योगिक संगठनों में निर्वाचन संपन्न हुये हैं उसमें विजयी अध्यक्ष, सचिव का सम्मान समारोह भी इस अवसर पर आयोजित होगा तथा व्यापारिक सम्मेलन में विभिन्न व्यापारिक मुददों पर विचार होगा और निर्णय लिया जायेगा कि कैट किस प्रकार से अपनी गतिविधियों को आगे बढाये, जहां जरूरत है वहां शासन और प्रशासन से समन्वय स्थापित कर अपने कार्य को गति दें और जहां आन्दोलन की जरूरत है वहां आन्दोलन किया जाय। इस कार्यक्रम में कैट के सदस्य, कैट की कार्यकारिणी, कैट के प्रदेश पदाधिकारी सहित अन्य विशिष्ट लोगों को भी आमंत्रित किया गया है।




## स्वच्छता महोत्सव में केन्द्रीय मंत्री, मंत्री एवं सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न वार्डों में स्वच्छता के कार्य में की भागीदारी



ग्वालियर। शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने के लिए नगर निगम ग्वालियर द्वारा आज शनिवार को वार्ड स्तर पर स्वच्छता संकल्प महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य कार्यक्रम महाराज बाड़े पर आयोजित किया गया इसके पश्चात सभी वार्डों में पूर्व निर्धारित मुख्य अतिथि के नेतृत्व में स्वच्छता संकल्प महोत्सव का आयोजन किया गया।

वार्ड वार आयोजित स्वच्छता संकल्प महोत्सव के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वार्ड 58 के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश आम नागरिकों को दिया इसके साथ ही क्षेत्र मे जागरूकता रैली निकालकर आम जनों को स्वच्छता का संदेश दिया तथा कॉलोनी में घर घर जाकर नागरिकों से स्वच्छता में सहभागिता की अपील की और अपने मोबाइल के माध्यम से स्वच्छता का सिटीजन फीडबैक जरूर देने का आग्रह किया। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने इस मौके पर स्वयं झा? लगाकर लोगों को स्वच्छता में भागीदार बनने के लिये भी प्रेरित किया। उनके साथ पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह ने भी क्षेत्रवासियों के साथ स्वच्छता का कार्य कर लोगों को प्रेरित किया।

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने वार्ड 19 के अंतर्गत पिंटू पार्क क्षेत्र में स्वच्छता संकल्प महोत्सव के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली एवं घर घर जाकर आम जनों को स्वच्छता का संदेश दिया। मंत्री श्री सिलावट ने पिंटो पार्क से टंकी चौराहे तक स्वयं स्वच्छता की और स्वच्छता कर्मियों का सम्मान भी किया। उन्होंने हॉकर्स जोन के सब्जी एवं फल विक्रेताओं को भी अपने दुकान के आस-पास स्वच्छता रखने की सलाह दी। क्षेत्र में सफाई कर रहे कर्मियों के साथ उन्होंने स्वयं भी सहभागिता कर स्वच्छता का अलग संदेश दिया। प्रभारी मंत्री ने नागरिकों से यह भी कहा कि स्वच्छता का कार्य केवल नगर निगम का नहीं है, यह हम सबका मिला-जुला कार्य होना चाहिए। उनके साथ क्षेत्रीय पार्षद श्री बलवीर तोमर ने भी वार्ड के नागरिकों के साथ स्वच्छता में सहभागिता की और घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता का कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड क्रमांक 1, 4 एवं 5 में स्वच्छता संकल्प महोत्सव के तहत विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित रैलियों में शामिल होकर आम जनों से स्वच्छता में सहभागिता की अपील की तथा श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इसके साथ ही सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने वार्ड 42 के विभिन्न क्षेत्रों में आम जनों से मिलकर शहर की स्वच्छता के लिए सहभागिता की अपील की तथा विभिन्न घरों में जाकर स्वच्छता फीडबैक देने का आग्रह किया। श्री शेजवलकर ने वार्ड-42 की विभिन्न गलियों में घर-घर जाकर लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग करने की समझाइश दी। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों को अपने घर की तरह ही अपने क्षेत्र में भी सफाई रखने में सहभागिता करने का आग्रह किया। मध्य प्रदेश बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल जी के नेतृत्व में आज वार्ड 27 में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य जनों ने स्वच्छता रैली निकाल कर आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया स्वच्छता रैली बारादरी चौराहा मुरार से प्रारंभ होकर सदर बाजार मार्केट होते हुए अग्रसेन चौक से होते हुए नगर निगम क्षेत्रीय कार्यालय पर जाकर समापन हुआ। इस मौके पर क्षेत्रीय कार्यालय पर सफाई योद्धाओं का सम्मान किया गया।

## हमें धर्म के चक्कर लगाकर धर्म को भीतर बसाने का प्रयास करना हैः चंदप्रकाश



### जैन समाज ने सिद्धचक्र महामंडल विधान में 32 अर्घ्य समर्पित कर भक्ति की गूंजी आराधना

ग्वालियर-पुरुषार्थ और भाग्य को बदलने का नाम धर्म है। पुरुषार्थ व धर्म के द्वारा संतों, भगवंतों की आराधना से कर्मों की मारी मैना सुंदरी नारी को अपने पति को कुष्ठ रोग दूर कर श्रीपाल की काया को कंचन के समान बना दिया और अपने पिता के अभिशाप को दूर कर दिया। मैना सुंदरी की भक्ति ही थी, जिसने कई लोगों को को? से मुक्त कर दिया। इससे सीख मिलती है कि व्यक्ति को अपने कर्मों का फल स्वयं ही भोगना प?ता है। यदि वास्तव में मैना सुंदरी की तरह हर व्यक्ति को भगवान के ऊपर ऐसी श्रद्धा भक्ति हो जाए, तो ब? से ब?ा बिमारी भी ठीक हो जाए। यह बात शिंदे की छावनी स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मदिंर में अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के आज तीसरे दिन शनिवार को धर्मसभा में प्रतिष्ठाचार्य शशिकांत शास्त्री ने कही। उन्होंने ने कहा कि हमें आठ गुणों की प्राप्ति व आठ कर्मों के नाश के लिए सिद्ध परमेष्ठी के आठ गुणों की आराधना करना चाहिए। सिद्धचक्र आराधना हमें संसार चक्र को समाप्त कर सिद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। हम आज दुकान, मकान परिवार के चक्कर लगाते हैं, परंतु संतों, भगवतों से ज्ञान दर्शन और चरित्र पाने उनके चक्कर नहीं लगाते। अगर हमने पाप कर्मों को करने में समय बर्बाद कर दिया तो हम धन चक्कर बन जाएंगे। हमें धर्म के चक्कर लगाकर धर्म को भीतर बसाने का प्रयास करना है।

## श्रीमंत सिंधिया का आश्वासन - 15 अप्रैल से 15 जून तक लगेगा ग्रीष्मकालीन मेला, ऑटोमोबाइल सेक्टर में टैक्स छूट भी मिलेगी

### मेला व्यापारी संघ ने श्रीमंत सिंधिया से महल में भेंटकर दिया ज्ञापन, सिंधिया ने कहा कि शिवराज सिंह से हो चुकी है बात



ग्वालियर। । राज्य सरकार द्वारा नवीन कोरोना गाइडलाइन के तहत मेला, हाट आदि सार्वजनिक मेलमिलाप के आयोजनों पर लगे प्रतिबंध को हटाए जाने के निर्णय के बाद अब 15 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन ग्वालियर व्यापार मेला का आयोजन सुनिश्चित हो गया है। श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रवक्ता अनिल पुनियानी ने आज जयविलास पैलेस में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया से भेंटकर उन्हें ज्ञापनपत्र देकर आग्रह किया कि ग्रीष्मकालीन ग्वालियर व्यापार मेला के आयोजन की तैयारियों को अविलंब प्रारंभ किया जाए। श्रीमंत सिंधिया ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि ग्रीष्मकालीन ग्वालियर मेला के आयोजन के संबंध में उनकी मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से कल ही बात हुई है, व्यापारीगण निश्चिंत रहें।मेला व्यापारियों एवं सैलानियों की भावनानुसार ग्रीष्मकालीन व्यापार मेला अवश्य लगाया जाएगा। श्रीमंत सिंधिया के आश्वासन पर मेला व्यापारी संघ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि विगत दो वर्ष से कोरोना के कारण अवरुद्ध हुए ग्वालियर मेला के एक सदी पुराने गौरवशाली सिलसिले को इसी सत्र में फिर प्रारंभ किए जाने के लिए समस्त मेला व्यापारीगण की ओर से पुरजोर ढंग से जो प्रयास किए गए थे, वे फलीभूत होते नजर आ रहे हैं।

श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला व्यापारी संघ के अध्यक्ष महेन्द्र भदकारिया एवं प्रवक्ता अनिल पुनियानी ने इससे पूर्व मप्र सरकार से आग्रह किया था कि आगामी 15 अप्रैल से 15 जून तक 60 दिवसीय ग्रीष्मकालीन ग्वालियर व्यापार मेला लगाया जाए और इसके लिए अभी से ही ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण की ओर से तैयारी शुरू कर दी जाए। मेला व्यापारी संघ ने तत्संबंध में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित मप्र शासन के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं प्रदेश के एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा को पत्र लिखकर मेला व्यापारियों की भावनाओं से अवगत कराया था।

## गृह मंत्री डॉ. मिश्र ने जितेन्द्र रावत के निवास पर पहुँचकर शोक सेवंदनाएं व्यक्त कीं



ग्वालियर। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा शनिवार को भितरवार क्षेत्र के ग्राम मुसाहारी में जितेन्द्र रावत के निवास पर पहुंचे और उनके पिता स्व. श्री अमर सिंह रावत उम्र 69 का ह्रदय गति के रूक जाने से हुए निधन पर शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। गृह मंत्री डॉ. मिश्र शनिवार को दोपहर मुसाहारी गाँव पहुँचे। उन्होंने जितेन्द्र रावत के निवास पर पहुँचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्व. अमर सिंह रावत अपने पीछे भरापूरा परिवार छो? गए हैं। गृह मंत्री के साथ भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री कौशल शर्मा और भाजपा नेता श्री विवेक मिश्रा भी उपस्थित थे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478